दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 108 सीकर, मंगलवार 16 जून 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# आसमान में धूल का गुब्बारा छाने से छाया अंधेरा



खेतड़ी नगर (नवयत्न)। क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद अचानक आई काली पीली आंधी के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आसमान में धूल छा जाने से दोपहर में अंधेरा छा गया जिससे वाहन चालकों को लाइट जला कर वाहन चलाने पड़े। तेज हवा के कारण कई पेड़, बिजली के खंभे टूट जाने से बिजली गुल हो गई।

## भारत और स्लोवाकिया बने व्यापक साझेदार
# रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग को मिली नई गति



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाक गणराज्य की यात्रा के दौरान ब्रातिस्लावा महल में स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फित्सो से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' (कॉम्प्रिहेंसिव पार्टनरशिप) के स्तर तक उन्नत किए जाने का स्वागत किया और इसे दोनों देशों के संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत बताया।

### ब्रातिस्लावा महल में हुआ औपचारिक स्वागत

ऐतिहासिक ब्रातिस्लावा महल में प्रधानमंत्री रॉबर्ट फित्सो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच आमने-सामने और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

### व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग पर चर्चा

दोनों प्रधानमंत्रियों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैनिक परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, अकादमिक आदान-प्रदान, संस्कृति और प्रतिभा आदान-प्रदान सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुपरकम्प्यूटर और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

**आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता दोहराई**-प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के प्रति एकजुटता और समर्थन जताने के लिए प्रधानमंत्री फित्सो का आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ मिलकर लड़ने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**बहुपक्षवाद और वैश्विक सुधारों पर सहमति**-दोनों पक्षों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने और वैश्विक शासन संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर सहमति जताई। नेताओं ने हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के सकारात्मक परिणामों पर भी संतोष व्यक्त किया।

**भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का किया स्वागत**-भारत और स्लोवाकिया के नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सफल समापन और संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा को अपनाए जाने का स्वागत किया। उन्होंने इसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

**कई क्षेत्रों में समझौते और रक्षा सहयोग पर सहमति**-वार्ता के बाद डिजिटल प्रौद्योगिकी, श्रम प्रवासन, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान तथा ऑडियो-विजुअल सृजन के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) पर भी सहमति बनी।

**कोसिसे तकनीकी विश्वविद्यालय में स्थापित होगी एआई चेयर**-दोनों देशों के बीच हुए समझौतों के तहत यह भी तय हुआ कि भारत, स्लोवाकिया के कोसिसे तकनीकी विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की पहली चेयर स्थापित करेगा। इसे शिक्षा और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# 50 हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बूंदी टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत गरडदा, पंचायत समिति बूंदी के ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित ग्राम विकास अधिकारी परिवादी की फर्म द्वारा किए गए करीब 15 लाख रुपए के विकास कार्यों का भुगतान जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत मिली थी कि ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार 30 निवासी गेण्डोली जिला बूंदी परिवादी की फर्म तरू एंड कम्पनी द्वारा ग्राम पंचायत गरडदा में कराए गए पनघट निर्माण कार्य के भुगतान के बदले 30 प्रतिशत कमीशन के रूप में करीब 4.50 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है तथा भुगतान के लिए लगातार परेशान कर रहा था। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी बूंदी के उप पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपित ग्राम विकास अधिकारी को परिवादी से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी के अनुसार आरोपित ग्राम विकास अधिकारी ने रिश्वत अपने किराये के मकान के बाहर प्राप्त कर पेंट की जेब में रख ली थी। एसीबी टीम को देखकर उसने राशि जेब से निकालकर सड़क पर फेंकने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।


# वाल्मीकि समाज ने शर्मा का किया स्वागत

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्वच्छता प्रभारी बनने पर वाल्मीकि समाज के गणमान्यजन द्वारा भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा का उनके किसान कॉलोनी स्थित निवास पर स्वागत अभिनंदन किया गया। शहर की स्वच्छता से जुड़े वाल्मीकि समाज के लोगों ने शर्मा का स्वागत कर मिठाई खिलाई और शहर के समस्त वार्डों की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष चर्चा कर सुझाव भी दिए। इस मौके पर कमल कान्त शर्मा ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से वे शहर में व्याप्त गंदगी को दूर कर एक स्वच्छ शहर बनाएँगे। आने वाले वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगरपरिषद प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू एव सुनिश्चित करवाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा शहर महामंत्री विजेंद्र हटवाल व गणेश डुलगच की अगुवाई में बसन्त वाल्मीकि, कानूराम सारवान, सुंदर चांवरिया, मुकेश कुमार, पवन कुमार, गजानंद चांवरिया, छोटेलाल सारवान सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोगों ने स्वच्छता प्रभारी शर्मा का दुपट्टा पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।

## कोबरी-सार




# रेल्वे पटरी पार शहरी क्षेत्र को ग्रामीण फीडर से जोड़ने का विरोध
## वार्डवासियों ने एईएन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के वार्ड संख्या 38 स्थित रेलवे पटरी पार के मकानात को शहरी विद्युत फीडर से हटाकर जसवंतगढ़ ग्रामीण फीडर से जोड़ने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों ने विद्युत निगम की इस मनमानी का विरोध जताते हुए इसे आम उपभोक्ताओं के हित के साथ कुठाराघात बताया। निवर्तमान पार्षद संदीप प्रजापत ने आरोप लगाया कि विद्युत निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली आपूर्ति शहरी फीडर से हटाकर जसवंतगढ़ ग्रामीण फीडर से जोड़ दी। उनका कहना है कि इस बदलाव से क्षेत्र में दिन और रात के समय अनावश्यक बिजली कटौती बढ़ गई है, जिससे आमजन के रोजमर्रा के कार्य एवं व्यापार प्रभावित हो रहा है। शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता नियमित रूप से शहरी दरों के अनुसार बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाओ में झोंक देना अनुचित है। स्थानीय निवासी अब्दुल हमीद बल्खी, इरफान छींपा, सोहेल, फिरोज छींपा आदि ने निगम के सहायक अभियंता पर रेलवे अंडरपास निर्माण एजेंसी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे मनमाने निर्णय लेने का आरोप लगाया है।

### वार्डवासियों ने दी जन आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय वार्ड वासियों ने कहा है कि यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया और क्षेत्र को पुनः शहरी फीडर से नहीं जोड़ा गया, तो बड़े स्तर पर जनांदोलन किया जाएगा। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे ने सहायक अभियंता सचिन अग्रवाल को पूरे प्रकरण की जांच करने तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दोबारा शहरी फीडर से जोड़कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# आमजन की राहत बना शहरी सेवा शिविर



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निर्देशों की पालना में शहरी सेवा शिविर 2026 नगर पालिका कैम्पस मे आयोजित किया गया है। सोमवार को शिविर के दौरान पालिका द्वारा 69-ए का एक पट्टा वितरण किया गया, 07 विवाह पंजीयन व जन्म-मृत्यू के 23 प्रमाण पत्र जारी किये गये। जलदाय विभाग द्वारा प्राप्त सभी 07 लीकेज प्रकरण निस्तारण, प्रधानमंत्री आवास योजना के 03 आवेदन प्राप्त हुये, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत 04 आवेदन प्राप्त हुये। कैम्प में अन्य विभागो की सहभागिता रही जिनमे विद्युत, जलदाय विभाग, पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रसद विभाग के कार्मिको की उपस्थिती रही। इस दौरान पालिका के निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष लूणकरण शर्मा, पूर्व पार्षद नदीम बल्खी, राजेश भोजक, संदीप प्रजापत सहित पालिका लेखाधिकारी राजेन्द्र सिंह पंवार, कनिष्ठ सहायक रघुनाथदान चारण, अरविन्द धवल, संगीता कंवर सहित विद्युत विभाग के अधिक्षण अभियन्ता सुनिल मानवताल, कनिष्ठ अभियंता दीन मोहम्मद, विरेन्द्र सिंह, आयुर्वेद विभाग के डॉ. तरूण भार्गव एवं महिला एंव बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर दिक्षा चौहान इत्यादि उपस्थित रहे।

# तेरापंथ युवक परिषद् के अध्यक्ष पद पर चौरड़िया निर्वाचित

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद् राजलदेसर की साधारण सभा का आयोजन अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल की अध्यक्षता में किया गया। सभा में आगामी सत्र 2026-2028 के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी राजकुमार विनायक एवं विमलसिंह छलानी ने सर्वसम्मति से विकास चौरड़िया को तेरापंथ युवक परिषद् राजलदेसर का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष पद पर मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने विकास चौरड़िया का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल एवं यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना की। सभा में संगठन की भावी योजनाओं एवं गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।



# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की दो दिवसीय प्रादेशिक साधारण सभा आयोजित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की साधारण सभा की बैठक जेजेटी विश्वविद्यालय, चुड़ैला, झुंझुनू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा के सानिध्य में प्रारंभ हुई। बैठक के उद्घाटन सत्र का आरंभ मां सरस्वती, मां भारती के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथि स्वागत के पश्चात संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि इस सत्र की सदस्यता अब तक की सर्वाधिक (279472) सदस्यता रही और यह सदस्यता केवल 10 दिन में की गई और राजस्थान के लगभग सभी विद्यालयों तक हमारे कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर सदस्यता की। इसके लिए उन्होंने सभी प्रदेश, जिला, खंड एवं संकुल कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने खंड जिला एवं प्रांत स्तर पर संत रविदास की 650 वीं जयंती पर आयोजन किये जाने के बारे में बताया। उन्होंने एक शिक्षक एक वृक्ष योजना के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन पर जोर दिया। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि अब संगठन की विधान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अनुसार अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और उपाध्यक्ष महिला का 3 वर्ष के लिए निर्वाचन एवं प्रदेश कार्यकारिणी के आधार पर अन्य पदों पर मनोनयन किया जाएगा। शिक्षक संदेश की सदस्यता भी 3 वर्षों की पदाधिकारी से ली जाएगी। उन्होंने कार्यकारिणी के गठन एवं सदस्यता राशि के विभिन्न स्तरों पर व्यय के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के टेट की अनिवार्यता के विरोध में संगठन द्वारा 18 जून को दिए जाने वाले धरने प्रदर्शन ज्ञापन की जानकारी भी दी। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि संगठन द्वारा वर्ष भर के कैलेंडर के अनुसार आयोजित कार्यक्रमों कर्तव्य बोध दिवस, नव वर्ष कार्यक्रम, समरसता कार्यक्रम, गुरु वंदन कार्यक्रम आदि सभी के आयोजनो को प्रभावी रूप से किए जाने के अजमेर में 28 जून को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मध्याह्न 12:30 बजे द्वितीय सत्र प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री मोहन पुरोहित का पाथेय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संयोजक राजेश जांगिड़ ने अतिरिक्त महामंत्री मोहन पुरोहित का शॉल दुपट्टा से स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने महामंत्री प्रतिवेदन देते हुए संगठन द्वारा वर्ष भर आयोजित कार्यक्रमों संगठन द्वारा शिक्षक हित में किए गए संघर्षों, आयोजित कार्यशालाओं, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ कार्यक्रम की प्रगति, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कच्छावा ने संगठन के वर्ष भर के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुषमा बिश्नोई ने संत रविदास की 650 वीं जयंती पर मन चंगा तो कटौती में गंगा विषय पर विचार रखते हुए उनकी जीवनी को विस्तार से बताया। राष्ट्रीय अतिरिक्त मंत्री मोहन पुरोहित ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संगठन एक व्यक्ति को नहीं बल्कि विचार को लेकर चलने वाला है हमारे संगठन में नित दिनचर्या के अनुसार सभी कार्यक्रम संपादित होते हैं। हमारा संगठन विद्यार्थी को केंद्र में रखकर शिक्षा एवं शिक्षक हितों की बात करता है।

यह विचार हमारे संकुल रचना द्वारा प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल रचना हमारा ब्रह्मास्त्र है इसको और अधिक प्रभावी बनाना है इसके लिए कार्यकर्ताओं को स्वयं प्रेरित होना आवश्यक है। हमारी वाणी में शिष्ट और व्यवहार में सहजता होनी चाहिए। तृतीय सत्र में दोपहर 3:15 पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर के सानिध्य में निर्वाचन अधिकारी क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य उमराव लाल वर्मा द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी भंग की गई। एवं नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सर्वसम्मति से आगामी तीन सत्रों के लिए संगठन के अध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र पुष्करणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संपत सिंह, महामंत्री पद पर महेंद्र कुमार लखारा, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कच्छावा एवं महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी स्वामी का निर्वाचन/मनोनयन किया गया। इसके अतिरिक्त केंद्रीय टोली में सह संगठन मंत्री सुषमा बिश्नोई, प्रदेश संगठन मंत्री उमराव लाल वर्मा एवं संभाग उपाध्यक्ष अजमेर भंवर सिंह राठौड़, बांसवाड़ा बलवंत बामणिया, भरतपुर रामनरेश सिंह, बीकानेर अतर सिंह, चूरू श्याम स्वामी, जयपुर अर्जुन सिंह जाट, जोधपुर संजीव व्यास, कोटा पूरणमल नगर, पाली शैतान सिंह राठौड़, उदयपुर पूरणमल लोहार, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा ऋषिन चौबीसा, उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा अभय सिंह राठौड़, अतिरिक्त महामंत्री बसंत जिंदल, प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह, प्रदेश महिला मंत्री गीता जैलिया, सचिव माध्यमिक रवि आचार्य, सह संगठन मंत्री जोधपुर नरेश सोलंकी, जयपुर जयराम जाट, चित्तौड़गढ़ कैलाश सुथार, प्रदेश संयुक्त मंत्री योगिता गुर्जर, पं देवेंद्र शर्मा की घोषणा की गई।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणा देने वाला होना चाहिए। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को शिक्षा के साथ संस्कार, लोक कल्याण की भावना, सात्विक प्रेम, धर्म संस्कृति की रक्षा, समर्पण आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्र सहित में संघ के पांच परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि हमें कार्यकर्ता की चिंता करते हुए विस्तृत सोच के साथ संपूर्ण समाज को भी साथ लेकर चलना होगा। इस कार्यक्रम में पूरे राजस्थान प्रदेश से प्रतिभागी शामिल हुए।

## मोहित आंचलिया लगातार दूसरी बार बने अध्यक्ष



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** तेरापंथ युवक परिषद, सरदारशहर के वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव में मोहित आंचलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वे लगातार दूसरी बार परिषद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और परिषद सदस्यों में उत्साह का माहौल बन गया। परिषद के साधारण सदन की बैठक के दौरान चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी राजेश बुच्चा ने बताया कि कुल 111 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें मोहित आंचलिया को 77 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विशाल बोरड़ को 34 मत मिले। इस प्रकार मोहित आंचलिया ने 43 मतों के निर्णायक अंतर से विजय हासिल की। चुनाव अधिकारी ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई। मतदान और मतगणना के दौरान सदस्यों में संगठन के प्रति उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादाओं का पालन किया। चुनाव के दौरान अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की ओर से ललित राखेचा एवं पारस बेद चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं चुनाव सह प्रभारी के रूप में राजीव दुगड़ और पारस बुच्चा ने व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष श्रीचंद नौलखा, संजय बोथरा, संपत डोसी सहित समाज एवं संस्था के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहित आंचलिया को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की अपेक्षा जताई। विजय के बाद मोहित आंचलिया ने परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों ने उन पर दोबारा विश्वास जताया है, जिसके लिए वे सभी के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यकाल में संगठन को और अधिक सक्रिय बनाते हुए युवा शक्ति को सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## ग्राम सेवा शिविरों में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोहिना और भालेरी में आयोजित ग्राम सेवा शिविरों में भाग लिया। उन्होंने आमजन से संवाद कर समस्याएं सुनीं और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जांगिड़ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने और पात्र लोगों को जानकारी देने का आह्वान किया। इस मौके पर एसडीएम प्रियंका कड़ेला, सीओ श्वेता कोचर, बीडीओ छगनलाल छिम्पा, अजीत सिँह राठौड़, लीलाधर बागोरिया, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर यादव सहित अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण शिविर में उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा रसोई से 8 खाद्य पदार्थो के नमूने लिये

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम से चलाये जा रहे विशेष अभियान तहत सोमवार 15 जून 2026 को चूरू शहर में अन्नपूर्णा रसोई की जांच कर खाद्य पदार्थो के 08 नमूने लिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थ नमुनीकरण व निरीक्षण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अन्नपूर्णा रसोई पर खाद्य पदार्थ के नमूने लेना तथा खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों को साफसफाई रखने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि सोमवार को खाद्य निरीक्षक रतन सिंह गोदारा ने चूरू के नया बास बस स्टैण्ड के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई से सोयाबीन तेल व लाल मिर्च पाउडर का एक-एक नमूना लिया। इसी तरह रतनगढ़ में इन्द्रमणी पार्क के पास व पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई से बेसन व तेल तथा आटा व धनिया पाउडर का एक-एक नमूना लिया। रैनबसेरा के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई से चावल व मूंग की दाल का एक-एक नमूना लिया । अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर साफसफाई के लिये पाबंद किया। सभी नमूनों को जांच के लिये जयपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। जहां नमूनों के अमानक व सब स्टेण्डर्ड पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में विशेष अभियान जारी रहेगा।



## भुणा महाराज की मूर्ति स्थापना कल

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं 25 स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में भुणा महाराज की मूर्ति स्थापना बुधवार को की जाएगी। केसर देव गुर्जर ने बताया कि मंगलवार प्रातः कलश यात्रा, शाम को हवन एवं रात्रि को फड़ वाचन होगी। बुधवार प्रातः मूर्ति स्थापना की जायेगी। शाम को महा आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर परमेश्वर लाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, सत्यनारायण, लक्ष्मण लाल, रामावतार, मनोहर लाल गुर्जर, राकेश गुर्जर, प्रेम गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता लगे हुए है।

## सोमवती अमावस्या पर युवा विकास समिति ने की शीतल पेय सेवा



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर राजलदेसर युवा विकास समिति की ओर से राजकीय चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राहगीरों, अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को गुलाब व कैरी पन्ना का शरबत पिलाया गया समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने बताया कि सेवाए सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल पेय ग्रहण कर राहत महसूस की। समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे सेवा कार्य आयोजित किए जाते रहे हैं। इस अवसर पर समिति के मंत्री विनोद भाटिया, उपमंत्री शिव भगवान सोनी, सदस्य विकास चोरड़िया, संरक्षक पूनमचंद गर्ग, पूर्व मंत्री मदन दाधीच, शंकर सिकलीगर, जानकी प्रसाद टेलर, किशोर पारीक, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे तथा सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## अनुशासन सफलता की सीढ़ी : शर्मा

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं शिक्षा विभाग झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त अशोक कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता तथा सीए मनीष अग्रवाल एवं स्काउट उपाध्यक्ष प्रमोद सैनी के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि 18 मई से संचालित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर में छात्र, छात्राओं, महिलाओं को मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, सिलाई आर्ट एंड क्राफ्ट, वाद्य यंत्र, गीत संगीत, नृत्य, पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले समस्त संभागियों को कार्य दक्षता प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे चेहरे पर मुस्कान देखी गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन के माध्यम से



रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य करते हुए बालक बालिकाओं, महिलाओं, युवक युवतियों में सामाजिक, नैतिक एचारित्रिक, आध्यात्मिक एवं शारीरिक गुणों का विकास किया जाता है, फलस्वरुप उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाकर देश के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार किए जाते है शर्मा ने कहा कि शिविर में सीखे हुए स्किल से भविष्य जीवन में आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने ताकि भविष्य जीवन उज्जवल हो सके। सी. ए. मनीष अग्रवाल ने कहा कि यहां सीखी हुई गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि उन्हें जीवन में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। अग्रवाल ने कहा कि स्काउट गाइड सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी संगठन है यहां संस्कारों का बीजारोपण करते हुए अच्छे नागरिक तैयार किए जाते हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनोद सिंघानिया ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन हेतु वह हमेशा तत्पर है, यहां निस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्यों की सराहना की ओर अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का वादा किया। इस अवसर पर सी. ए. मनीष अग्रवाल ने स्काउट संगठन को स्टील की 21 थाली, 21 चम्मच, 21 गिलास एवं तीन जग भेंट करते हुए आह्वान किया कि हमें अपने घरों में, दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए ।

### इन्होंने दिया प्रशिक्षण

सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में राम सिंह कुल्हरी, रामचंद्र मीणा, समदर लाल सैनी, मुकेश कुमार, पिंकी धायल, विजेता नेहरा, सुनीता बेनीवाल, सरिता कुलहरी, अंजू सैनी, रेणु सैनी, सुमित्रा सैनी, राज किरण, पूजा कुमारी, सिमोना झुनझुनवाला, राजेंद्र कुमार ने विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर स्काउट संगठन के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डिग्रवाल, विजेन्द्र कुमार, राष्ट्रपति स्काउट उमेश रोहिल्ला, सुरेंद्र किरोड़ीवाल, सुनील कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में अभिरुचि शिविर के शिविरार्थी, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट गाइड उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन राम सिंह कुलहरी ने किया।

## गौशाला में की गौ सेवा

निसं



**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद की कामधेनु गौशाला में अधिकमास के महीने को देखते हुए गौ सेवा की गई। मुम्बई प्रवासी रमेश घासीलाल कनोडिया डूंडलोद की ओर से गौवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। कंवरपुरा बालाजी धाम में पक्षियों के लिए परिंदा बनाया गया। इस अवसर पर बालाजी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं एवं गौशाला के कर्मचारीयों ने सहयोग किया। इस अवसर पर निर्वतमान चेयरमैन हरफूल सिंह पूनिया, महेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, मुकेश मील, सुरेश नुआवाला, भीम सिंह बडगुर्जर, शेर सिंह, मनोज स्वामी, मनोज टेलर, विजय, बिहारी, जगदीश झाझड़िया, सुमित जैन, अजय मिश्रा, भंवर सैनी मौजूद रहे।

## भामाशाह चाचाण ने की आरओ प्लांट वाटर कूलर लगाने की घोषणा

तारानगर (नवयत्न)। समाजसेवी एवं उद्योगपती श्यामसुन्दर अग्रवाल चाचाण ने अपनी धर्मपत्नी निर्मला अग्रवाल की पावन स्मृति में माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में आर. ओ. प्लांट एवं वाटर फिल्टर सहित शुद्ध पेयजल व्यवस्था स्थापित करवाने की घोषणा की है। प्राचार्य डॉ. मूल चन्द ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग 2200 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिन्हे लम्बे समय से स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही थी। समाजसेवी एवं उद्योगपती श्यामसुन्दर अग्रवाल चाचाण ने महाविद्यालय में आर.ओ. प्लांट लगाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्राचार्य डॉ. मूल चन्द ने विद्यार्थियों के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने हेतु चाचाण परिवार का आभार व्यक्त किया।

## खेतान बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला महामंत्री

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा समाज के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मणि शंकर खेतान को सीकर जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर अग्रवाल समाज एवं सम्मेलन पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल द्वारा जारी मनोनयन पत्र में मणि शंकर खेतान की समाज के प्रति निष्ठा, संगठन के साथ सक्रिय जुड़ाव एवं सीकर जिले में उनकी मजबूत संगठनात्मक पकड़ को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक जाजोदिया, पूर्वी राजस्थान के प्रदेश युवा महामंत्री संदीप बजाज, सीकर जिला अध्यक्ष अनिल तोदी ने मणि शंकर खेतान को बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव एवं सक्रिय कार्यशैली से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा अग्रवाल समाज के अधिकाधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मनोनयन पर जिला चेयरमैन अमित चिरानिया, सुरेश अग्रवाल, मनोज पंसारी, सज्जन अग्रवाल, शुभम मोदी, मुरली मनोहर खेतान सहित अनेक पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने मणि शंकर खेतान को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की। मणि शंकर खेतान ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अग्रवाल समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।



## ट्रांसफार्मर विवाद को लेकर एडीएम ऑफिस में सांकेतिक धरना

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वॉल्टेज की समस्या मिटाने के लिए लगने वाले ट्रांसफार्मर को लेकर भाजपा के दो गुटों में पनपा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सैंकड़ों मौहल्लेवासियों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सांकेतिक रूप से धरना भी दिया। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच व अन्य तीन निवर्तमान पार्षदों ने धरने का नेतृत्व में और प्रदर्शन के बाद एडीएम संतोष कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा नेता कमल दाधीच ने एक पखवाड़े से चले आ रहे घटनाक्रम की जानकारी दी। एडीएम मीणा ने तुरन्त जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियन्ता रोहित कंवल को बुलाकर ट्रांसफार्मर लगाने को कहा तब कंवल ने विवाद की जानकारी दी। इस पर एडीएम ने तहसीलदार को मौका मजिस्ट्रेट बनाकर डीएसपी को पुलिस जाब्ता सुलभ कराने के निर्देश दिए लेकिन तब तक डिस्कॉम ठेकेदार ने टीम भेजने में आनकानी की। जिस पर प्रदर्शनकारियो ने आरोप लगाया कि ठेकेदार अपने ही अफसरों के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। मोहल्लेवासियों ने एडीएम को बताया कि सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं के घरो पर वॉल्टेज समस्या है लेकिन 2-3 पड़ौसी समाधान में बाधा डाल रहे हैं। खास बात यह रही कि प्रदर्शन के दौरान जीवराज प्रजापत व कमलेश कुमार जले हुए टीवी सेट लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान निवर्तमान पार्षद इस्माईल खां, लियाकत अली, अमजद खां, अस्त अली खां, बबलू खां, सतार लीलगर, गोपाल, पवन कुदाल, मनोज चौहान, कैलाश प्रजापत, राहुल, विजय और मोहल्ले की अनेक महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुई।



दूसरी ओर यहां पर प्रदर्शन के बाद सभी लोग विद्युत निगम के सहायक अभियंता कार्यालय पर भी पहुंचे और सहायक अभियंता से वार्ता की।

भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि मामले में मौका मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो चुकी है और सारा काम प्रशासन अपने स्तर पर करेगा।

# वार्ड नं. 58 में सालों बाद शुरू हुआ पंप संचालन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड नं. 58 में 3-4 साल से पंप संचालन नहीं होने की समस्या का निवारण कर दिया गया है। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि निवर्तमान पार्षद बिलाल भूरान और वार्डवासियों द्वारा बताया गया कि 3-4 साल से स्थित पम्प हाउस संचालित नहीं है जिससे मोहल्ले वासियों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि विद्युत पम्प सेट सही स्थिति में है, जिसको नहीं चलाया जा रहा है और पानी भराव की समस्या रहती है। पानी निकासी के लिए पीटीओ को काम में लिया जा रहा है। उक्त समस्या के समाधान हेतु आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने मौका निरीक्षण कर संबंधित स्वस्थ्य निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी व कार्यवाहक एसआई नथमल एवं हल्का जमादार नितेश कुमार को पाबंद करते हुए मौके पर पम्प हाउस संचालित करवाकर आम जन की समस्या का समाधान करवाया। दूसरी ओर लोगों ने इस हेतु आयुक्त का आभार जताया है।

# शिक्षा से ही होगा विकसित भारत का निर्माण : मेघवाल

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। विद्यालय केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, संस्कार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का केंद्र होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने, समय का सदुपयोग करने तथा आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया और कहा कि आज की युवा पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और शिक्षा ही उस परिवर्तन की सबसे बड़ी आधारशिला है। मेघवाल ने कक्कू के अराइज स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत पुष्पगुच्छ एवं साफा पहनाकर किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर कक्षा 10 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 51, 21, 11 हजार एवं 5,100 रुपए के प्रोत्साहन चेक प्रदान किए गए। वहीं 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से तीन दिवसीय हवाई यात्रा कराने की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त आगामी वित्तीय वर्ष से कक्षा 10 एवं 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की घोषणा भी की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस प्रेरणादायी पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। समारोह में पूर्व प्रधान कन्हैया लाल सियाग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता



एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा परिणामों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, विज्ञान एवं नवाचार कार्यक्रमों तथा विद्यालय की अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, लोकनृत्य, समूहगान एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और विद्यार्थियों के उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।

# 3 दिवसीय विशेष योग शिविर 18 से

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं निरोग जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18, 19 एवं 20 जून को प्रातः 5:45 बजे से 7:15 बजे तक जोड़ीवाल धर्मशाला, तारानगर में 3 दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पहले दिन रक्तचाप, शुगर, थायरॉइड आदि असाध्य रोगों से बचाव हेतु विशेष योग एवं प्राणायाम, दूसरे दिन वजन नियंत्रण एवं फिटनेस प्रबंधन से संबंधित योग क्रियाएं तथा तीसरे दिन मानसिक शांति, ध्यान एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। योग गुरु अरविंद जांगिड़ द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

# कार्यकारिणी का गठन व सौंपा ज्ञापन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की शाखा की नयी कार्यकारीणी का गठन रतनगढ़ पंचायत समिति वीसी रूम में आयोजित संघ की बैठक में किया गया। नव गठित कार्यकारीणी का निर्विरोध गठन करते हुए अति. प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह राठौड़ को संरक्षक तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल पारीक को संयोजक नियुक्त किया गया। प्रभुसिंह राठौड़ को अध्यक्ष, लीलाधर चंदेल को उपाध्यक्ष, रहीससिंह महला को महामंत्री, संजू मूंड को महिला सचिव, राजूराम श्योराण को कोषाध्यक्ष, शिशपाल शर्मा को सचिव, बीरबलराम सांसी को जिला प्रतिनिधि एवं मनोज चारण को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सूडा द्वारा नवीन कार्यकारीणी के गठन पर हर्ष प्रकट करते हुए कार्यभार सौंपा। नवगठित कार्यकारणी ने प्रथम बैठक के बाद ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के पूर्ण बहिष्कार का ज्ञापन विकास अधिकारी कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी दौलत स्वामी को सौंपते हुए ग्रामीण सेवा शिविरो के बहिष्कार के माध्यम से आंदोलन को तेज किया। बैठक में ताराचंद जाखड़, नानूराम जाट, भगवानाराम, हरीश स्वामी, ममता जोगी, सुनिता, नंदनसिंह, सोमवीर, दिलीप बुडानिया, संजय सरोवा, हरीश जांगिड़, निधी, सजन मीणा, पवन नायक, धनराज, शंकरलाल, मनफूल, जवाहरसिंह, सुनिता स्वामी, गजेन्द्रसिंह, पूजा बुनकर, श्रवण कुमार, जगदीशप्रसाद मेघवाल सहित अन्य मंत्रालयिक कार्मिक उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या पर नन्दियों के लिए लापसी सवामणी बनाकर खिलाई

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में ज्येष्ठ पुरषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर आज 105 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवको द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाया गया। सिमिति के बजरंग पालीवाल ने बताया कि अधिक मास की सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व श्याम दीवाना संकीर्तन मण्डल परिवार द्वारा नन्दीशाला में टिन शेड बनाने की घोषणा मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा की गई व इस अवसर पर अलग अलग भामाशाहो द्वारा हरी सब्जियां डलवाई गई । निराश्रित गोवंश सेवा सिमित की तरफ से सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौड़, जयकिशन बागड़ी, निर्मल झंवर, अंकित तोषनीवाल, मूलचन्द तिवाड़ी, जुगलकिशोर झंवर, राजेश स्वामी, ओमप्रकाश पारीक, मगनाराम केड़ली, डॉ रवि रँगा, लीलाधर राठी, किशोर दम्माणी, मुरली पारीक, मनोज ओझा, जुगल लाहोटी, गोपीकिशन राठी, विनोद पारीक, सी ए पंकज चाण्डक, मेहन्द्र डेलू, उमेश राठी, राजू खाती, बंशीलाल खाती, भंवरलाल नाई, भतमल नाई, राजू रांका, कपिल गोड़, तुषार व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे। वही दूसरी और सामाजिक संगठन जन अधिकार सेना के द्वारा गौ सेवा कार्य आरंभ है। और विभिन्न तरह के गौ एवं पक्षी हितार्थ कार्य जनसेवकों के द्वारा जारी है। इसी के तहत ज्येष्ठ मास सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर जनसेवकों के द्वारा गोवंश को पांच क्विंटल हरी सब्जियां खिलाई। जनसेवकों ने निराश्रित गोवंश को हरी सब्जियां खिलाई संगठन लगातार गौ सेवा कार्य कर रहा है संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने कहा कि गौ सेवा ही सबसे बड़ा सेवा का कार्य है। गौ सेवा से बड़ा कोई ही सेवा का कार्य नहीं है। हमें नियमित गौ सेवा जरूर करनी चाहिए। क्योंकि गौ माता में सभी प्रकार के देवी देवताओं का वास होता है । और किसी भुखे प्राणी की भुख प्यास मिटाने से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा संभाग अध्यक्ष किशन तापड़िया भाजपा किसान मोर्चा नोखा अध्यक्ष कैलाश कठातला, सोमदत्त सारस्वत, मघाराम पंचारिया, मुलाराम लखारा भाणू, ओमप्रकाश नाई, कन्हैयालाल सारस्वत संजय ओझा पूनमचन्द सुथार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यज्ञ मंत्रो से गूंजायमान हुआ मंदिर प्रांगण



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास का अंतिम दिवस सोमवती अमावस्या के रूप में मंदिर श्री गोपीनाथ श्रीमाधोपुर में भक्तिभाव एवं आध्यात्मिकता के साथ मनाया गया। पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिवस व्यासपीठाचार्य प्रयागदास महाराज ने भागवत कथा का समापन करते हुए संक्षिप्त रूप में संपूर्ण भागवत की कथा का रसो पान भक्तों को करवाया। प्रातः सामूहिक रूप से गोपाल सहस्त्रनाम का गान भक्तों के द्वारा किया गया। सायंकाल भगवान पुरुषोत्तम के सम्मुख भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से दीपदान कर श्रीमद् भागवत कथा का विसर्जन किया गया। महंत मनोहर शरणदास ने बताया कि रात्रि में वेदमंत्रों के द्वारा यज्ञ में सामूहिक रूप से आहुतियां देकर समस्त नगरवासियों की सुख, समृद्धि, सुस्वास्थ्य एवं अखंड वैभव की कामना भगवान पुरुषोत्तम से की गई। मंगला दर्शन से शयन दर्शन तक अत्यधिक संख्या में भक्तों ने प्रेम, भक्ति एवं समर्पण के साथ समस्त दिव्योत्सवों में भाग लेकर स्वयं को भगवद् कृपा पात्र किया।

# कथा का समापन

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुन्दगढ़ के घोडीवारा खुर्द के गोगा मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा का समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा मे व्यास पीठ से कथा व्यास मदन लाल शर्मा ने कथा मे सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष की कथा के बाद व्यास पूजन किया गया। कथा व्यास ने प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्री कृष्ण ने 16 हजार 108 विवाह किये भगवान स्वयं भी गृहस्थ आश्रम आये। पति पत्नी को भी भगवान का भजन करना चाहिए। भगवान ने भीम के द्वारा जरासन्द का बध किया । सुदामा भगवान के अनन्य भक्त सुदामा के उपर कृपा कि। विधाता का लेख भगवान कृपा करें तो बदल सकता है जीव व ब्रह्भ का मिलन ही कृष्ण सुदामा मिलन है । कथा व्यास ने बताया कि कलयुग में राम का नाम ही आधार है नाम जप से बड़ा कोई तप नही। दत्रार्त्ये जी ने 24 गुरु बनाये थे मनुष्य के जीवन मे भी गुरु होना आवश्यक है । श्री मद भागवद कथा के श्रवण से व कीर्तन से हमारे समस्त पाप व क्लेश दूर होते हैं । श्री मद भागवत कथा हमे जीने की कला सिखाती है व मृत्यु को सुधारती है समस्त पापों का उन्मूलन करती है व जीवन मे श्री मद भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए। श्री मद भागवत कथा का फल नाम जप ही फल है । जिस नाम मे हमारी श्रद्धा हो वही नाम अवश्य करें। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल कथा स्थल पहुँचकर कथा सुनी। यज्ञ हुआ जिसमें पूर्णआहुति दी गई। आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

# सांवरिया सेठ रोडवेज बस का शुभारंभ
## चालक व परिचालक का किया अभिनंदन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ शहर से सांवरिया सेठ जाने के लिए लोगों को अब राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सेवा मिलेगी। उक्त बस आज सोमवार की सुबह सरदारशहर से रवाना होकर सुबह सवा सात बजे रतनगढ़ पहुंची तथा बस स्टैंड से साढ़े सात बजे रवाना हुई, जो रात्रि 8:20 पर सांवरिया सेठ पहुंचेगी। उक्त बस शहर से होकर सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, कुचामण, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गड़ होते हुए सांवरिया सेठ जाएगी। सांवरिया सेठ से सुबह पांच बजे बस रवाना होगी, जो रतनगढ़ शाम छह बजे पहुंचेगी। उक्त बस में यात्रा करने के लिए यात्री ऑनलाईन एवं ऑफलाईन टिकट की बुकिंग भी करवा सकेंगे। बस में पुरुष यात्री का किराया 525 एवं महिला यात्रियों का किराया 280 रुपए हैं। अन्य सुविधाएं विभाग द्वारा नियमानुसार लागू होगी। आज सोमवार की सुबह बस के स्टैंड पर पहुंचने पर चालक रमेश पूनियां एवं परिचालक चानणमल का लोगों द्वारा माला, दुपट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। अब क्षेत्र से सांवरिया सेठ जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नीलेश इंदौरिया, अनिल भार्गव, राकेश माली, भीमराज प्रजापत, प्रेमप्रकाश आत्रेय, निरंजन स्वामी, नारायणप्रसाद सैनी, संजय सैनी, घासीराम नाई, कमल विष्णु, किसनलाल सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे।


# कार्यालय नगरपालिका मण्डल लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक : न.पा.ला./2026-27/1248

दिनांक : 15.06.2026



स्वायत्त शासन विभाग

शहरी सेवा शिविर-2026

12 जून, 2026 से 15 जुलाई 2026 तक

'शहरी सेवा शिविर-2026' में प्रदत्त छूटें

1 लीज राशि में छूट
बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा करने पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट
निर्धारित शर्तों के अनुसार बकाया लीज राशि में 60 प्रतिशत छूट

2 धारा 69-क पट्टा
रियायती दरों पर पट्टा जारी करने की सुविधा

3 कब्जा भूमि नियमन
आवासीय आरक्षित दर/ DLC दर (जो अधिक हो) की केवल 25 प्रतिशत दर पर नियमन

4 डिनोटिफाइड कच्ची बस्तियों का नियमन
पात्र आवेदकों को 25 प्रतिशत दर पर नियमन का लाभ

5 कच्ची बस्ती नियमन
सर्वेक्षित/नोटिफाईड कच्ची बस्तियों में नियमन सुविधा

6 उप-विभाजन/ पुनर्गठन शुल्क में छूट
250 वर्गमीटर तक : 75% छूट
250 से 500 वर्गमीटर तक : 50% छूट
500 से 4000 वर्गमीटर तक : 25% छूट

7 मौका निरीक्षण से राहत
नामांतरण, लीज, NOC एवं उप-विभाजन के मामलों में मौका निरीक्षण नहीं

8 आपत्ति अवधि में राहत
15 दिवस के स्थान पर केवल 7 दिवस

आइए, शहरी सेवा शिविर-2026 को सफल बनाएं

हरेन्द्र चौधरी
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लाडनूं

ममता लद्दुआ
प्रशासक-नगर पालिका एवं उपखंड अधिकारी, लाडनूं


# नर्सिंग स्टाफ ने जताया आक्रोष

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजमेस के अधीन चूरू की पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज के 146 नियमित पदों सहित प्रदेश की सात मेडिकल कॉलेजों में 1267 नियमित पदों को खत्म कर दिया गया हैं। अब यहां राजस्थान कॉंट्रैक्चुअल हायरिंग सिविल पोस्ट रूल्स के तहत पदों पर नियुक्ति की जा रही हैं। प्रदेश सरकार के इस आदेश के बाद चूरू में नर्सिंग स्टाफ में काफी आक्रोष व्याप्त हैं।



सोमवार को डीबी अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग आफिसर सामूहिक अवकाश पर रहे। इसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाएं लड़खड़ाने की आषंका थी। मगर राजमेस से आये नर्सिंग आफिसर ने व्यवस्थाओं को संभाली। राजमेस से आये नर्सिंग ऑफिसर के कारण अस्पताल में व्यवस्थाएं लड़खड़ाने की बजाय व्यवस्था को बनाये रखा। सामूहिक अवकाश लेकर धरने पर बैठे नर्सिंग ऑफिसर ने राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रमाकांत वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सामूहिक अवकाश पर थे। मगर राजमेस से नर्सिंग ऑफिसर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाये रखा। डॉ. वर्मा ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर के सामूहिक अवकाश पर होने के बाद भी अस्पताल में व्यवस्थाएं सुगम व सुचारू रही। डीबी अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर प्रदीप चैधरी ने बताया कि नियमित पद समाप्त होने के बाद इन कार्मिकों की स्थिति क्या होगी। इसको लेकर काफी असमंजस की स्थिति बन गयी हैं। इसको लेकर नर्सिंग ऑफिसर ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री व शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

## सम्पादकीय


# महंगा होता इलाज



ऐसे वक्त में जब महंगाई के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा है, नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एन.पी.पी.ए. द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि की इजाजत देना कमजोर वर्गों के लिए 'कंगाली में आटा गीला होना' जैसा है। एन.पी.पी.ए. द्वारा जिन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी गई है, उनमें कुछ कैंसर की दवाएं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। निश्चय ही यह फैसला पब्लिक हेल्थ पॉलिसी से जुड़ी विसंगतियों को दर्शाता है। निस्संदेह, भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका-ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति श्रृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर-गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे। दरअसल, एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कमी और बढ़ती लागत को कीमत वृद्धि का कारण बताया है। दलील दी गई कि यदि दवा बनाने वाली कंपनियां इनकी उत्पादन लागत नहीं निकाल पाती हैं तो वे खुले बाजार में इन दवाइयों की आपूर्ति बंद कर सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद गरीब तबके की सीमाओं और आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बहरहाल, इस बाबत दी गई दलीलों के बावजूद एक सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता कि इस देश में करोड़ों लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। निर्विवाद रूप से कैंसर के इलाज और बच्चों को बीमारियों से बचाने वाली दवाइयों की कीमतों में पचास फीसदी बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। मरीजों के लिए इलाज के खर्च में दवाओं के अलावा, रोग की जांच, दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक की यात्रा, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च तथा इस दौरान होने वाली आय की हानि भी शामिल होती है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में वृद्धि का अतिरिक्त बोझ उन्हें इलाज और जीवित रहने के बीच कई मुश्किल फैसले लेने को मजबूर कर सकता है। इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में जरूरी दवाइयों को भी शामिल करना चाहिए, जिससे खास सब्सिडी के जरिये गरीब मरीजों को अचानक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाया जा सके। इसके अलावा, दवाइयों की कीमतों से जुड़ी नीतियों की समय-समय पर समीक्षा भी होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि वास्तव में दवाइयों की लागत में कितनी वृद्धि हुई है।

## विशेष आलेख

# सम्पूर्ण मानवता ने चुकाई महत्वाकांक्षी युद्धों की कीमत



अमेरिका-ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। सदियों से महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा का खमियाजा वे लोग भुगतते हैं, जिनकी युद्ध में कोई भूमिका नहीं होती।

पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से विश्व अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध की विभीषिका झेल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध? के चलते दोनों देशों की संपत्ति और विश्व आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान हुआ। दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई और श्रम शक्ति का विस्थापन हुआ। लेकिन लड़ाई समाप्त होने का नाम नहीं ले रही।

पश्चिमी एशिया में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी तनाव और अस्थिर संघर्ष, भले ही टलने की स्थिति में दिखे, लेकिन यह मानवता के लिए गंभीर क्षति पहुंचा रहा है। साथ ही चीन-ताइवान तनाव से एक और वैश्विक युद्ध का खतरा बढ़ता दिखता है। यदि यह संघर्ष भारत की सीमाओं तक पहुंचा, तो न केवल विश्व अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि भारत भी तमाम आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकता है।

अमेरिका-ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा खाड़ी स्थित ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने और संवर्धित यूरेनियम पर कब्जा करने के कथित लक्ष्य के साथ शुरू हुआ। वास्तव में इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का युद्ध में कूदने का उद्देश्य अपनी राजनीतिक सुरक्षा था। अमेरिका ने अपनी शक्ति पर गुमान करते हुए युद्ध छेड़ा, लेकिन इसके परिणामस्वरूप संघर्ष की विभीषिका से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था चरमरा गई।

इस संघर्ष का परिणाम यह हुआ कि अमेरिका-ईरान युद्ध में 14 देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गए, क्योंकि खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे स्थित थे। ईरान ने मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। दो महीने बाद शांति वार्ता शुरू हुई, लेकिन दोनों पक्ष बातचीत के लिए तैयार नहीं थे। अमेरिका संवर्धित यूरेनियम पर कब्जा और होर्मुज मार्ग खुलवाना चाहता है, जबकि ईरान के फ्रीज खातों को खोलने और प्रतिबंध हटाने पर सहमति नहीं दे रहा था।

दूसरी ओर, ईरान ने होर्मुज के मुहाने पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे तेल और गैस के टैंकर अटक गए हैं। अमेरिका भी ओमान की खाड़ी में नाकाबंदी कर रहा है। इससे दुनिया भर में कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति का संकट पैदा हुआ है, जिससे तमाम देशों में महंगाई और ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है।

आर्थिक विश्लेषक कहते हैं कि इस युद्ध? के कारण दुनिया को इस समय तक अनुमानित 474 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन चेताता है कि अगर यूं ही ऊर्जा आपूर्ति बाधित रही तो पूरी दुनिया की जीडीपी घट जाएगी और रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे।

ईरान की परमाणु शक्ति, होर्मुज मार्ग, फ्रीज की गई संपत्तियां और लेबनान में हिज्बुल्लाह से जुड़े मुद्दे शांति स्थापना में प्रमुख बाधाएं हैं। यद्यपि अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम बढ़ाया था, फिर भी परमाणु कार्यक्रम और फ्रीज फंडों को लेकर दोनों के मतभेद लंबे समय तक बने रहे। इन विवादों के कारण संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा था।

विश्व की शक्तियों को समझना चाहिए कि युद्ध? को लंबे समय तक नहीं चलाया जा सकता। अमेरिकी संसद बार-बार कहती रही है कि यह युद्ध? तुरंत बंद होना चाहिए लेकिन ट्रम्प अपनी विजेता की छवि बनाकर ही इस युद्ध? से निकलना चाह रहे थे, जो तत्काल संभव नजर नहीं आता था।

ईरान ने अमेरिका जैसी महाशक्ति और इस्राइल की एकजुटता से मुश्किल लड़ाई लड़ी है, लेकिन अमेरिका का लगातार प्रतिरोध किया है। किसी भी समाधान के लिए दोनों पक्षों को लचीलापन दिखाना चाहिए, ताकि युद्ध की विभीषिका खत्म हो। तभी विश्व की आपूर्ति श्रृंखला को सामान्य बनाया जा सकता है।

यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान और कतर के बैक-चैनल प्रयास तक अमेरिकाङ्कईरान टकराव का समाधान समय रहते खत्म कर पाये। जिससे काफी समय तक सीमित युद्ध और होर्मुज नाकाबंदी जारी रही।?जिसके कारण दुनिया आर्थिक संकट, महंगे ईंधन और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याओं का सामना करती रही। परिणामस्वरूप, वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बढ़ती रही। वहीं दूसरी ओर आशंका जतायी जा रही है कि इस्राइलङ्कहिज्बुल्लाह की झड़पें लेबनान में बड़े युद्ध का रूप ले सकती हैं। जिसका ईरान लगातार विरोध करता रहा है। यह मुद्दा भी समझौते होने में बाधक बना रहा है। युद्ध के चलते स्थिति इतनी गंभीर है कि 14 देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है, हजारों उड़ानें रद्द या डाइवर्ट हुई हैं, और ईंधन की कीमतें 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। खाड़ी और भारत के यात्रा रूट पर टिकटों की कीमतें भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। आर्थिक संकट आम आदमी की जीवनशैली पर भारी पड़ रहा है और विकास के लक्ष्य बेअसर हो रहे हैं। इस बीच, हथियार व्यापार और युद्धरत देशों की राजनीति मानवता और शांति के मूल्यों को भूलती नजर आ रही है। इस समय शांति और अहिंसा के संदेश कोरे भाषण लगने लगे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। वाणी पर संयम रखें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### वृष
मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। योजना फलीभूत होगी।

### मिथुन
पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। अजनबियों पर विश्वास न करें। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें।

### कर्क
यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्ययों में कमी करना चाहिए। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

### सिंह
फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे।

### कन्या
डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी।

### तुला
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है।

### वृश्चिक
राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएं। वाणी पर नियंत्रण रखें।

### धनु
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

### मकर
राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

### कुंभ
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा।

### मीन
यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है। कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों में लगाएं शहद-कोकोनट ऑयल हेयर मास्क, मिलेंगे कई फायदे

बालों में नारियल तेल का इस्तेमाल किसी वरदान से कम नहीं है। नारियल तेल में मौजूद गुण बालों को टूटने से बचाने और हेल्दी रखने के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें मौजूद गुण बालों में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में बहुत फायदेमंद होते हैं। नारियल तेल के साथ शहद का इस्तेमाल भी बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल आपके बालों को टूटने से बचाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने का काम करता है। बालों को डैमेज होने से बचाने और बालों की चमक बरकरार रखने के लिए भी नारियल तेल और शहद से बना हेयर मास्क बहुत फायदेमंद होता है।



**शहद और कोकोनट ऑयल हेयर मास्क के फायदे :** शहद और नारियल तेल दोनों को ही बालों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण, असंतुलित खानपान और खराब जीवनशैली के कारण लोगों में बालों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। बालों का कम समय में सफेद होना हो या बालों का टूटना ये सब खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण होता है। ऐसे में बालों को इन समस्याओं से बचाने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत है। बालों में नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से आपको इन समस्याओं से छुटकारा मिलता है और आपके बाल सिल्की व शाइनी होते हैं। नारियल तेल और शहद में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-सेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जो बालों को कई समस्याओं से बचाते हैं।

**बालों का रूखापन दूर करे :** शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से आपके बालों का रूखापन दूर होता है। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की खोई हुई चमक वापस आती है और बाल मजबूत होते हैं। नारियल तेल और शहद में विटामिन ई, प्रोटीन और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं,



जो बालों को पोषण देने का काम करते हैं। बेजान बालों में इनका इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

**बाल झड़ने में फायदेमंद :** खराब जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित खानपान की वजह से बाल झड़ने की समस्या लोगों में आम है। इस समस्या से आज भारत में हर तीसरा व्यक्ति परेशान है। बालों को झड़ने से बचाने के लिए शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। आप इसका इस्तेमाल कर बालों को टूटने से बचा सकते हैं।

### बालों को रखे काला

बाल सफेद होने की समस्या भी आज के समय में बहुत कॉमन है। पहले बढ़ती उम्र के कारण बाल सफेद होते थे लेकिन अब यह समस्या कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिलती है। बालों को काला रखने के लिए भी नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। इसका इस्तेमाल करने से आपके बाल सफेद होने से बचते हैं।

### बालों की चमक बढ़ाए


बालों की चमक बढ़ाने के लिए शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण बालों की चमक बरकरार रखने का काम करते हैं।



# तेजी से वजन कम करना है तो डाइटिंग और एक्सरसाइज के अलावा इन फैक्टर्स पर भी दें ध्यान

क्या आपने वजन कम करने के चक्कर में अपना मनचाहा फूड छोड़ दिया है? क्या आप रोजाना सिर्फ सलाद खाते हैं और डिटॉक्स ड्रिंक पीते हैं? और क्या आप रोजाना एक घंटा कसरत भी करते हैं फिर भी मनचाहा वजन कम करने में असमर्थ हैं? इसका अर्थ है कि आप अपना हेल्थ प्लान सही से फॉलो नहीं कर रहे। दरअसल वजन कम करना इन सब बातों के अलावा भी कुछ फैक्टर्स पर निर्भर करता है, जिनका ध्यान रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। यदि आप इन बातों पर ध्यान दें, तो आप तेजी से वजन कम कर सकते हैं। लेकिन सबसे पहले आपका यह जानना जरूरी है कि तेजी से वजन कम करने से अच्छा है कि आप एक नॉर्मल स्पीड में वजन कम करें क्योंकि तेजी से और ज्यादा वजन कम करना भी आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अगर आप एक हफ्ते में आधा किलो से 1 किलो वजन भी कम करते हैं, तो यह आपके लिए हेल्दी है।

**कैलोरी इनटेक को कम करें :** आपका बॉडी मास यानी वजन, मेटोबोलिक रेट और रोज के कैलोरी बर्न को निर्धारित करता है।



आप रोज जितनी ज्यादा कैलोरी बर्न करते हैं, उतना ही आपका बॉडी मेटाबॉलिज्म हाई होता है। वजन घटाने के लिए आपको अपनी कैलोरी इनटेक को कम कर कैलोरी बर्न पर ध्यान देना चाहिए। जितनी कैलोरीज आप बर्न करते हैं, अगर उतनी कैलोरीज का सेवन न करें, तो आप तेजी से वजन कम कर सकते हैं।

**बदलें अपना लाइफस्टाइल :** आपकी खराब लाइफस्टाइल के चलते वजन को कम करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हैं, तो वजन को तेजी से कम किया जा सकता है। आप अपनी डाइट और एक्सरसाइज में कुछ अच्छी आदतों को अपनाएं और फोन का ज्यादा इस्तेमाल, रात को देर तक जागना, फास्ट फूड्स , पैकेज्ड फूड्स, अल्कोहल और शरीर को हानि पहुंचाने वाले कारकों को छोड़ें।

**प्रोटीन डाइट लें :** आपकी उम्र बढ़ने पर वजन घटाने में कठिनाई हो सकती है क्योंकि हार्मोनल परिवर्तन और मसल्स के कमजोर होने पर आपका शरीर इतनी तेजी से काम नहीं कर पाता। आप अपनी मसल्स को मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन से भरी डाइट को अपना सकते हैं। मेटाबॉलिक रेट के लिए हेल्दी मसल्स का होना बेहद जरूरी होता है।

**पूरी नींद लें :** रोजाना पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है। नींद का प्रभाव हमारे मेटाबॉलिक रेट पर पड़ता है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के वाइब्रेटर रोलर के कंपन से मकानों में दरारें, छत की पट्टियाँ टूटी, ग्रामीणों में रोष



हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** ग्राम सिरोही की आबादी क्षेत्र स्थित ढाणी रामसिंहवाली के निवासियों ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के प्लांट में चल रहे वाइब्रेटर रोलर के अत्यधिक कंपन के कारण अपने सभी मकानों में आई दरारों और छत की पट्टियों के टूटने की गंभीर शिकायत की है। ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्लांट से होने वाले कंपन, धूल प्रदूषण और आवासीय मकानों को हुए नुकसान की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीमेंट प्लांट में संचालित भारी मशीनों और वाइब्रेटर रोलर से उत्पन्न लगातार कंपन के कारण क्षेत्र के कई मकानों में दरारें आ गई हैं तथा छतों की पट्टियां टूट गई हैं। प्रभावित परिवारों का कहना है कि मकान असुरक्षित हो चुके हैं और बरसात के मौसम में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन में बताया गया है कि कंपनी प्रबंधन ने निरीक्षण के दौरान कंपन से मकानों को नुकसान होने की बात स्वीकार की लेकिन स्थायी समाधान के बजाय केवल मरम्मत कराने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने इसे अपर्याप्त बताते हुए प्रभावित मकानों की तकनीकी जांच, पुनर्निर्माण तथा उचित मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने प्लांट से निकलने वाली धूल, धुएं और प्रदूषण को भी गंभीर समस्या बताया है। उनका कहना है कि वायु प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जबकि कृषि फसलें, पेड़-पौधे और पशुधन भी प्रभावित हो रहे हैं। सांस लेने में कठिनाई और आंखों में जलन जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने राज्यपाल, उपखंड अधिकारी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मांग की है कि फैक्ट्री की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, वायु प्रदूषण, ध्वनि और कंपन का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए तथा जांच पूरी होने तक आवश्यकतानुसार प्लांट संचालन पर नियंत्रण लगाया जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और राहत प्रदान करने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि, पशुहानि या संपत्ति को नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन पर क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला नीमकाथाना क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का हिस्सा है। ग्रामीण न्याय और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

## श्रेणीवार रिक्त सीटों हेतु ऑनलाइन आवेदन पुनः शुरू

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेष हेतु श्रेणीवार रिक्त सीटों के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15-06-2026 से आमंत्रित किये जा रहे है। इसके साथ ही प्रथम मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन व ई-मित्र पर फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि भी 19-06-2026 तक बढ़ा दी गई है। स्नातक प्रवेष नॉडल अधिकारी विषाल कुमार सगतानी ने बताया कि श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए बी.ए. प्रथम सेमेस्टर हेतु एसटी एवं एमबीसी श्रेणी, बी. एससी. (बॉयो) प्रथम सेमेस्टर हेतु एसटी, ईडब्लूएस एवं एमबीसी श्रेणी एवं बी.कॉम. व बी.एससी. (मैथ्स) प्रथम सेमेस्टर हेतु सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गये है। अभ्यर्थी इस हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 21-06-2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिये प्रतीक्षा सूची का प्रकाषन 23-06-2026 को होगा व दस्तावेज सत्यापन व ई-मित्र पर फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 29-06-2026 रहेगी। श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिये प्रवेषित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन 30-06-2026 को तथा वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन 01-07-2026 को होगा।

## सोमवती अमावस्या पर मातृशक्ति ने की गोसेवा



**बुगाला ( नवयत्न )।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर ग्राम बुगाला के नारमुखी मोहल्ले की मातृशक्ति एवं छोटी बहनों ने पं. गणेश नारायण सुरभि गोशाला में पहुंचकर गोमाता की सेवा की। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा गोमाता के लिए 51 किलो दलिये की सेवा समर्पित की गई। गौशाला परिसर में आयोजित इस सेवा कार्य में महिलाओं ने गोमाता की पूजा-अर्चना कर उनके सुखए स्वास्थ्य एवं संरक्षण की कामना की। उपस्थित मातृशक्ति ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की महान परंपरा बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग से इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। गौ सेवा समिति के कैप्टन महेश बुगालिया व पदाधिकारियों ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए सभी माता-बहनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज में गौसंरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायी संदेश देता है। सोमवती अमावस्या के अवसर पर हुए इस आयोजन से गोशाला में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से गौसेवा करने का संकल्प लिया।

## रिक्त सीटों के लिए आवेदन शुरू

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-प्रथम) में प्रवेश हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा श्रेणीवार रिक्त सीटो के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया सोमवार 15 जून 2026 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसकी अंतिम तिथि 21 जून 2026 रविवार है।

# 101 कलश जोड़ों की भव्य यात्रा से गूंजा टटेरा बहन-बेटियों के मिलन से भावुक हुआ गांव

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के ग्राम टटेरा स्थित महासिंह के पाना में राजपूत समाज के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का सोमवार को भव्य आगाज हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन निकाली गई 101 कलश जोड़ों की विशाल यात्रा, झुंझारजी महाराज की मूर्ति का नगर भ्रमण तथा बहन-बेटी मिलन समारोह श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे गांव में दिनभर धार्मिक उल्लास, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। टटेरा गांव स्थित राधे-कृष्ण एवं हनुमान मंदिर से बैंड-बाजों और जयकारों के बीच कलश यात्रा रवाना हुई। यात्रा में 101 जोड़ों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भाग लिया। झुंझारजी महाराज की मूर्ति को आकर्षक रथ में विराजमान कर मुख्य बाजार, बस स्टैंड एवं गांव के प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन हुआ। महोत्सव के तहत आयोजित बहन-बेटी मिलन समारोह भावनाओं से सराबोर रहा। करीब 200 बहन-बेटियां वर्षों बाद अपने पीहर पहुंचीं और एक-दूसरे से मिलकर पुरानी यादों में खो गई। सम्मेलन में स्वागत समारोह, परिचय कार्यक्रम, सामूहिक संगीत, लोक नृत्य, ग्राम परिक्रमा, हनुमान चालीसा पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। 90 वर्षीय गीता कंवर बुआ भी समारोह में शामिल हुई और गांववासियों से मिलकर भावुक हो उठी। आयोजन समिति के अनुसार गांव से शहरों की ओर बढ़ते पलायन के कारण बहन-बेटियां लंबे समय से अपने गांव नहीं आ पा रही थी। इसी कारण सामाजिक रिश्तों को सशक्त बनाने, पारिवारिक जुड़ाव बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। महोत्सव का आयोजन श्री श्री 1008 नारायणपुर धाम के महंत जनार्दनदास महाराज के सान्निध्य एवं 108 नहरिदास महाराज के नेतृत्व में किया जा रहा है। रात्रि में आयोजित विशाल भजन संध्या एवं सत्संग में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। मंगलवार को महिला संगीत एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे जबकि 17 जून को अलवर जिले के झांकड़ी स्थित झुंझार महाराज की छतरी में पादुका स्थापना, हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जीवन सिंह, कल्याण सिंह, रवि सिंह, हिम्मत सिंह, विजय सिंह, राजवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, कैप्टन रामपाल सिंह, तेजू सिंह, नरवीर सिंह, नवरंग सिंह, नंद सिंह, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# निराश्रित सांड-गायों को नंदीशाला भेजने का चलाया विशेष अभियान

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगरवासियों की लगातार मांग पर खेतड़ी नगर पालिका ने कस्बे की बड़ी समस्या से निपटने के लिए विशेष पहल शुरू की है। कस्बे में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही निराश्रित सांड और गायों की समस्या के चलते नागरिकों को आए दिन परेशानियों और हादसों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने आवारा मवेशियों को नंदीशाला में भेजने का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। नगरपालिका एसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि कस्बे के नागरिकों ने यह मांग उठाई थी कि आवारा सांड व गायें राहगीरों को घायल कर रहे हैं और आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इस पर नगर पालिका ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष टीम गठित कर अभियान की शुरुआत कर दी है। इस टीम द्वारा कस्बे में घूम रहे सांड और गायों को पकड़कर नंदीशाला पहुंचाया जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन ने पशुपालकों को भी सख्त चेतावनी दी है। सैनी ने बताया कि जिन पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को खुले में छोड़ दिया गया है, वे तुरंत अपने पशुओं को काबू में कर लें। कोई भी पशु निराश्रित घूमता पाया गया, तो नगरपालिका की टीम उसे पकड़कर नंदीशाला में छोड़ेगी। इसके बाद यदि पशुपालक उस पशु को वापस मांगते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। नगरपालिका की इस पहल का नगरवासियों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से कस्बे में आवारा पशुओं से दुर्घटनाएं और असुविधाएं बढ़ रही थीं। अब इस अभियान से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि नागरिकों को भी राहत मिलेगी। इस मौके पर इदरीश, मोनू, चंद्रप्रकाश, जितेंद्र कुमार, लोकेश कुमार आदि शामिल थे।

## अज्ञात डंपर ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, युवक हुआ घायल

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** सिंघाना-नानूवाली बावड़ी नेशनल हाईवे क्षतिग्रस्त होने से हादसे रूकने का नाम नहीं ले रहे, एनएच विभाग के अधिकारियों ने डिवाईडर से पूर्व डिवाईडर का निशान लगाना भूल गए जिससे तेज गति से वाहन चलाने वाले अंधेर में डिवाईडर पर वाहन चढ़ा देते है। रविवार देर रात को एक अंधेरे में डिवाईडर का निशान नहीं होने के कारण अज्ञात डंपर चालक ने पीछे से स्कूटी की साईड दबा दी जिससे स्कूटी सवार बाग की ढाणी के बड़ वाला कुआं निवासी करण सैनी स्कूटी का नियत्रंण बिगड़ जाने से गिर गया जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल युवक को सिंघाना अस्ताल पहुंचाया, सर में गंभीर चौट आने से चिकित्सकों ने झुंझुनूं रैफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार रात करीब सवा बारह बजे एक स्कूटी सवार जा रहा थी इसी दौरार खेतड़ी की तरफ से डंपर तेज गति से आ रहा था, डिवाईडर के पास सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण डंपर चालक डिवाईडर की तरफ डंपर ले गया। जिससे आगे जा रही स्कूटी सवार की साईड दब जाने से अनियंत्रित हो कर गिर गई। लोगों ने बताया कि डिवाईडर का कोई निशान नहीं होने के कारण अंधेरे में वाहन चालकों को डिवाईडर दिखाई नहीं देता जिसके कारण कई बार वाहन डिवाईडर पर चढ़ जाने से हादसे होते रहते है। उन्होंने बताया कि सड़क को बने हुए एक साल भी नहीं हुआ, ठेकेदार ने नाले को बंद कर सड़क बना डाली, आजाद मार्केट के पास सड़क के बीच डिवाईडर बना दिया लेकिन कस्बे के पानी की निकासी नहीं होने के कारण सारा पानी डिवाईडर के पास जमा हो जाता है जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क टूट जाने से वाहन चालक टूटी हुई सड़क को बचाने के चक्कर में वाहन डिवाईडर पर चढ़ा देते है जिससे आए दिन हादसे होते रहते है। एक पखवाड़े पूर्व भी खेतड़ी की तरफ से सिंघाना जा रही एक गाड़ी सड़क पर जमा गंदे पानी को बचाते हुए डिवाईडर पर चढ़ा दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, गगनीमत रही गाड़ी में बैठे किसी के भी चोट नहीं लगी।

## सोमवती अमावस्या पर गौशाला को शेड निर्माण हेतु 50,111 का सहयोग

**टमकोर ( नवयत्न )।** पुरषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर टमकोर स्थित सत्यम शिवम् सुंदरम गौशाला में एक गुप्तदानी महादानी द्वारा गौमाता की सेवा एवं संरक्षण के लिए शेड निर्माण हेतु 50,111 (पचास हजार एक सौ ग्यारह रुपये) का सहयोग प्रदान किया गया। गौशाला प्रबंधक संपत जांगिड़ ने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग गौशाला में शेड निर्माण कार्य के लिए किया जाएगा, जिससे गौवंश को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि गौमाता के प्रति श्रद्धा, करुणा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने बताया कि ऐसे दानवीरों के योगदान से गौशालाओं के विकास एवं गौसेवा कार्यों को निरंतर गति मिलती है तथा समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी बल मिलता है। इस अवसर पर सत्यम शिवम् सुंदरम गौशाला समिति के सदस्यों ने गुप्तदानी महादानी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। समिति ने समाज के अन्य लोगों से भी गौसंरक्षण एवं गौसेवा के इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# केटीएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केटीएसएस कार्यालय में सोमवार शाम को कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। एसएन गर्वा, जगदीश प्रसाद मीणा, रामसिंह शेखावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के कोलकात्ता मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय एनजेसीसी की मीटिंग में लिए गए निर्णयों को लेकर चर्चा की गई। केटीएसएस महासचिव बिड़दूराम सैनी ने बताया कि कोलकाता में 11 व 12 जून को एनजेसीसी की बैठक में स्थाई एवं ठेका कामगारों की मांगों को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिसमें वेतन समझौते में कामगारों को ग्रेच्युटी का भुगतान 1 नवंबर 2017 से दस से 20 लाख रुपए तथा 50 प्रतिशत डीए होने की स्थिति में 1 अक्टूबर 2025 से 20 से 25 लाख रुपए तक किया गया। एक जून 2026 तक रिटायर हुए कामगारों का भुगतान 31 अक्टूबर तक करने, प्रति वर्ष एसग्रेसियाइस राशी मिलती थी उसकी एनवल परफॉर्मेस अवार्ड स्कीम 2026 बनाई गई है, जिसमें कंपनी में उत्पादित एमआईसी तथा बेचे गए एमआईसी डवलपमेंट व टेक्स के पहले के लाभ का तीन वर्ष के एवरेज के आधार पर भुगतान किया जाएगा। इस स्कीम वर्ष 25-26 के आधार पर दिवाली से पहले भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी में एक ही भर्ती व पदोन्नती के नियम बनाए जाएंगे। इसी प्रकार ठेका कर्मियों के लिए मूल न्यूनतम वेतन का 15 प्रतिशत राशी विशेष राहत के रूप में एक जून से ठेकाकर्मियों को दी जाएगी, इसी प्रकार ठेका कर्मचारियों को कैंटिन अलाउंस दस रूपए से बढ़ा कर एक जून से 20 करने, ठेका कामगारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की गई, इसके तहत 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 2100 तथा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 5100 की सहायता राशि दी जाएगी। सैनी ने बताया कि एचसीएल में औद्योगिक संबंध संहिताएं एवं नियमों के तहत बने मॉडल स्टैंडिंग ऑर्डर को मानकर कंपनी में एक समान मॉडल स्टैंडिंग ऑर्डर लागू करने पर सहमति बनी।

सैनी ने बताया कि एचसीएल के इतिहास में इस प्रकार का पहला समझौता हुआ है जिससे स्थाई कर्मचारियों के साथ-साथ ठेका कामगारों की मांगों पर भी विचार किया गया। इस दौरान सचिव बाबूलाल, कोलिहान शाखा अध्यक्ष तेजपाल, हरीसिंह ने भी संबोधित किया। संचालन ओमप्रकाश ने किया। इस मौके पर स्थाई कर्मचारी एवं ठेका कामगारों ने भाग लिया।




# अतिरिक्त जिला ने शहरी सेवा शिविर का किया औचिक निरीक्षण

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर के आदेश में निर्देशानुसार सोमवार को नगरपालिका के पास में स्थित गार्डन में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया। झुंझुनू के अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य व उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने शिविर का औचिक निरीक्षण किया। निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही निरीक्षण के बाद में पात्र लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि सोमवार को नगरपालिका कार्यालय में वार्ड 3 व वार्ड 4 के शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगरपालिका, बिजली विभाग, जलदाय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में नगरपालिका नवलगढ़ द्वारा 5 कृषि भूमि के पट्टे, नगरपालिका नवलगढ़ द्वारा 1 पत्रावलियों का नामान्तरण, 5 विवाह प्रमाण पत्र, एक मृत्यु प्रमाण पत्र, 16 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये तथा अन्य विभागो द्वारा भी शिविर में प्राप्त आवेदनों/समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शहरी सेवा शिविर 15 जुलाई तक जारी रहेंगे। इस दौरान ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत, लेखाधिकारी जुगल किशोर सैनी, एईएन महेश महावर, सहायक अग्निशमन अधिकारी कंवर पाल सिंह शेखावत, विजय सिंह राणा, अनिल कुमार शर्मा, जलदाय विभाग की जेईएन अंतरा मीणा, सुल्तान सैनी सहित कई मौजूद रहे।



# स्टॉप डायरिया कैम्पेन आज से, पोस्टर का हुआ विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मृत्यु का एक कारण दस्त रोग भी है। दस्त से होने वाली बाल मृत्यु को कम करने के लिए जिले में स्टॉफ डायरिया कैम्पेन 16 जून से शुरू होगा, जो 31 जुलाई तक चलेगा। कैम्पेन को लेकर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में हुई साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों ने कैम्पेन के पोस्टर का विमोचन किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी भावना शर्मा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने पोस्टर का विमोचन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि कैम्पेन के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सभी पीएमओ, बीसीएमओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दस्त रोग को सामान्य बीमारी समझकर नजरअंदाज नहीं करें। दस्त होने पर तुरंत ओआरएस घोल देना शुरू करें तथा चिकित्सकीय परामर्श अनुसार जिंक की गोलियां दें। समय पर उपचार और स्वच्छता के उपाय अपनाकर दस्त रोग से होने वाले गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। इस वर्ष अभियान की थीम डायरिया की रोकथाम सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान निर्धारित की गई है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बैठक में बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान के तहत आशा सहयोगिनियों द्वारा जिले के पांच वर्ष से छोटे बच्चों को घर घर जाकर प्रति ओआरएस पैकेट एवं गोलियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही माता-पिता एवं अभिभावकों को ओआरएस घोल बनाने की विधि व जिंक की गोली के सेवन की विधि एवं खुराक के बारे में जानकारी दी जाएगी। सभी चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे, जहां दस्त रोग से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों को तत्काल परामर्श, ओआरएस घोल तथा आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। तथा कॉर्नर पर ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, जिंक गोली के सेवन की विधि एवं खुराक बताई जाएगी। अभियान के दौरान स्वच्छता व साफ सफाई से संबंधित आमजन को जागरूक किया जाएगा। आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को हाथ धोने की सही विधि, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, भोजन को ढककर रखने, खुले में शौच से बचने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के प्रति प्रेरित किया जाएगा। साथ ही दस्त होने पर बच्चों को भोजन और स्तनपान जारी रखने तथा निर्जलीकरण के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल समीप के स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करने की सलाह दी जाएगी।



# आने वाले मानसून में पिएं हल्दी से बनी ये ड्रिंक्स, बूस्ट होगी इम्यूनिटी और बीमारियां रहेंगी दूर

देशभर में भारी बारिश के साथ मानसून दस्तक दे चुका है। चिलचिलाती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें तन और मन को ठंडक तो पहुंचाती हैं। लेकिन यह मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। इस मौसम में नमी अधिक बढ़ जाती है, जिसके कारण बैक्टीरिया तेजी से ग्रो करते हैं। ये कीटाणु आपके शरीर में प्रवेश करके आपको बीमार कर सकते हैं। बारिश के मौसम में सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट से जुड़ी समस्याएं होना आम है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से दूर रखने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। बदलते मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए हल्दी का सेवन काफी लाभकारी हो सकता है। हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। नियमित रूप से हल्दी का सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है और कई तरह की मौसमी बीमारियों से बचाव हो सकता है।

## हल्दी और केला स्मूदी

मानसून में इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आप हल्दी और केला स्मूदी पी सकते हैं। इसके लिए आप मिक्सी में एक पका केला, 1 इंच अदरक का टुकड़ा, एक कप दूध, एक चुटकी हल्दी पाउडर और एक चुटकी दालचीनी पाउडर डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। फिर इसे गिलास में निकालकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें थोड़ा-सा शहद भी मिला सकते हैं।

## हल्दी वाला दूध

हल्दी वाला दूध पीने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। हल्दी में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण शरीर का कई तरह के संक्रमण से बचाव करते हैं। हल्दी वाला दूध बनाने के लिए आप एक गिलास गर्म दूध में आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर और एक चुटकी काली मिर्च पाउडर डालें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा-सा गुड़ या शहद भी मिला



सकते हैं। रोज रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने से नींद भी अच्छी आती है।

## हल्दी और नींबू की चाय

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी होता है, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। हल्दी और नींबू की चाय का सेवन करने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और बॉडी डिटॉक्स होती है। इसे बनाने के लिए आप 2 कप पानी को गर्म होने के लिए गैस पर रख दें। जब पानी गर्म हो जाए, तो इसमें एक चौथाई छोटा चम्मच हल्दी पाउडर डालकर 5 मिनट तक उबालें। फिर इसे कप में छान लें। उसके बाद, इसमें एक नींबू का रस और थोड़ा-सा शहद मिलाकर पिएं।

## हल्दी और तुलसी का काढ़ा

हल्दी और तुलसी का काढ़ा पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सकती है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं, जो कई तरह की बीमारियों और संक्रमण से बचाव करते हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कप पानी में 5-6 तुलसी की पत्तियां, एक अदरक का टुकड़ा और हल्दी डालकर उबालें। जब यह आधा रह जाए, तो इसे छानकर इसका सेवन करें।

## हल्दी की चाय

मानसून में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आप हल्दी की चाय का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए आप एक पानी में 1 इंच अदरक का टुकड़ा, दो चुटकी हल्दी पाउडर और 2 काली मिर्च डालकर उबाल लें। फिर इसे कप में छान लें। अब इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

# आंखों को हेल्दी रखने के लिए अपनाएं ये उपाय





यह कहना गलत नहीं होगा कि आंखें भगवान की सबसे खूबसूरत देन है। इसलिए इनकी देखभाल जरूर करनी चाहिए। सोचिए अगर ये आंखें न हो, तो यह खूबसूरत दुनिया आप कैसे देख पाएंगे। अक्सर हमें पता ही नहीं चलता कि कब आंखों की रोशनी कम हो जाती है। कब आंख में दर्द किसी गंभीर बीमारी का कारण बन जाता है। थोड़ी सी भी लापरवाही, यानी आंखों में दर्द से लेकर पानी निकलने की समस्या हो जाती है। इसलिए आंखों को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी होता है।

## स्वस्थ आंखों के लिए स्क्रीन टाइम कम करें

फोन अब हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इसलिए तो आंख खुलते ही, फोन का इस्तेमाल किया जाता है। आंखों की देखभाल के लिए आपको स्क्रीन टाइम कम करना चाहिए। फोन से निकलने वाली रेडिएशन के कारण आंखें कमजोर हो जाती हैं। इसलिए आपको स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए। आपको हर 20 मिनट बाद कम से कम 20 सेकंड के लिए आंखों को ब्रेक देना चाहिए। इससे आंखों पर जोर कम पड़ता है।

## नाभि पर तेल लगाने से होने वाले फायदे

नाभि पर तेल लगाने से कई तरह के फायदे मिलते हैं, जैसे त्वचा में निखार और पेट से संबंधित बीमारियां नहीं होती हैं। नाभि में तेल लगाने से आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। इसलिए आपको नाभि में तेल लगाना चाहिए। आप तिल या बादाम का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। केवल रोशनी ही नहीं, आंखों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

## हेल्दी आंखों के लिए कैसी होनी चाहिए डाइट

स्वस्थ आंखों के लिए आपको डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। खानपान के जरिए स्वास्थ्य संबंधी सभी बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन सी से भरपूर चीजों को अपनी डाइट शामिल करें। ये पोषक तत्व आंखों की स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। बैलेंस डाइट लें। फिश, खट्टे फल, पत्तेदार सब्जियां खाएं।

## स्वस्थ आंखों के लिए अन्य टिप्स

- स्वस्थ आंखों के लिए आपको आई टेस्ट करवाना चाहिए। हर 3-5 महीने आंखों की रोशनी की जांच करवाएं। टेस्ट के जरिए आपको पता लग जाएगा कि कहीं आपको मोतियाबिंद, रेटिनल डिटेचमेंट और ग्लूकोमा जैसी कोई बीमारी तो नहीं है।
- नींद का भी ध्यान रखें। अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेंगे, तो इसके कारण न केवल सिर में बल्कि आंखों में भी दर्द होने लगता है। इसलिए कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लें।
- अगर आपका काम दिनभर लैपटॉप पर टाइप करने का है, तो ऐसे में आपको अपनी आंखों के स्वास्थ पर ज्यादा देना चाहिए। आपको लैपटॉप से निकलने वाली रेज से आंखों को बचाने के लिए स्पेशल लैपटॉप के लिए डिजाइन किए हुए चश्मे का इस्तेमाल करना चाहिए।
- योग जरूर करें। ऐसे कई योग आसान हैं, जिन्हें करने से आंखें स्वस्थ रहती हैं। साथ ही, आंखों की रोशनी भी बेहतर होती है। इसलिए सुबह उठने के बाद कम से कम आधा घंटा योग करें।

# गर्म पानी में मिलाकर पिएं काली मिर्च पाउडर आपकी सेहत को मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे



हमारी किचन में कई ऐसी चीजें मौजूद हैं, जो बेहद पौष्टिक और स्वास्थ्य के लिए अच्छी मानी जाती है। इन्हीं में से एक है काली मिर्च। यूं तो काली मिर्च को आप सब्जियों और सलाद में मिक्स करके खूब खाया होगा। इससे खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है और पोषक तत्वों में भी इजाफा होता है। लेकिन, अगर आप इसे गर्म पानी के साथ पिएं, तो इससे आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

## इम्यूनिटी बेहतर करता है

मॉनसून का सीजन है। हर कोई जानता है कि अगर इन दिनों जरा भी इम्यूनिटी वीक हो जाए, तो व्यक्ति आसानी से बीमारी पड़ सकता है, इंफेक्शन हो सकता और भी कई अन्य बीमारियां हो सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए आप अपनी डाइट में गुनगुने पानी संग काली मिर्च मिक्स करके पी सकते हैं। इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो व्हाइट ब्लड सेल को स्ट्रॉन्ग बनाते हैं, जिससे वे बाहरी बैक्टीरिया या वायरस से लड़ने में सक्षम हो जाते हैं। इस पानी को आप सुबह-सुबह पी सकते हैं या फिर शाम को भी पी सकते हैं।

## पाचन में मदद करता है

गुनगुने पानी में काली मिर्च मिक्स करके पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलती है। असल में, काली मिर्च पेट में





हाइड्रोक्लोरिक एसिड को उत्तेजित करने में मदद करती है ताकि भोजन को बेहतर ढंग से पचा सकें और अवशोषित (एब्जॉर्ब) कर सके। इसमें कार्मिनेटिव गुण भी होते हैं, जो आपकी आंतों में हो रही असहजता को कम करते हैं और गैस को बनने से रोकते हैं।

## स्किन अच्छी होती है

काली मिर्च एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जिसके सेवन से स्किन पर भी असर पड़ता है। असल में, यह एक ऐसा ड्रिंक है, जो बॉडी को डिटॉक्स करता है, पेट के स्वास्थ्य को बेहतर रखता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसका पोजिटिव असर स्किन पर भी देखने को मिलता है। यही नहीं, आप चाहें, तो काली मिर्च का फेस मास्क चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे स्किन टेक्सचर बेहतर होता है और स्किन ग्लोइंग भी बनती है।

## दिमाग के लिए लाभकारी है

काली मिर्च में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण तत्व पाइपरिन मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। पाइपरिन में इतनी क्षमता होती है कि वह अल्जाइमर जैसी बीमारियों के रिस्क को कम कर सकता है और ब्रेन न्यूरोंस को बेहतर तरीके से फंक्शन करने में मदद कर सकता है।

## वजन घटाने में मदद करता है

काली मिर्च में पाइपरिन नामक एक तत्व पाया जाता है। काली मिर्च के तीखेपन के लिए यही तत्व जिम्मेदार होता है। यह तत्व मेटाबॉलिज्म बेहतर करता है और डाइजेस्टिव सिस्टम को सही रखने में मदद करता है। इस तरह देखा जाए, तो यह आपके मोटापे को कम करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। अगर आप गुनगुने पानी में काली मिर्च को मिक्स करके रोज पीते हैं, तो इससे आपके मोटापे पर काफी फर्क पड़ेगा। हालांकि, वजन कम करने के लिए इस पानी के साथ-साथ फिजिकल एक्टिविटी करनी भी जरूरी होती है।





# झुर्रियों को दूर करने के लिए गुलाब का तेल है फायदेमंद





आपने चेहरे की त्वचा को निखारने के लिए कई बार गुलाब जल का उपयोग किया होगा। गुलाब जल में त्वचा को ठंडक पहुंचाने के गुण होत हैं। इसके साथ ही, गर्मियों की वजह से चेहरे पर होने वाली कई समस्याओं को दूर करने के लिए आप फेस पैक में भी गुलाब जल का इस्तेमाल सालों से कर रहे हैं। अगर आपकी त्वच में समय से पहले ही झुर्रियां आने लगी है, तो ऐसे में आप गुलाब से बने तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। गुलाब के तेल में एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो आपकी त्वचा से एजिंग के लक्षणों को दूर करने में सहायक होते हैं।



## मॉइस्चराइजिंग गुण से भरपूर

गुलाब के तेल में प्राकृतिक मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट और पोषण देने में मदद करते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, त्वचा में रूखापन आने लगता है और इस वजह से चेहरे पर झुर्रियां हो सकती हैं। गुलाब के तेल का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को मॉइस्चर प्रदान कर सकते हैं। साथ ही, समय से पहले एजिंग के लक्षणों को कम कर सकते हैं।

## कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में सहायक

कोलेजन एक तरह का प्रोटीन है, जो हमारी त्वचा की इलास्टिसिटी को बनाए रखने में मदद करता है। उम्र बढ़ने के साथ कोलेजन का उत्पादन कम होता जाता है, जिससे त्वचा पर झुर्रियां होने लगती हैं। गुलाब का तेल कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जो आपकी त्वचा की इलास्टिसिटी को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## एंटीऑक्सीडेंट गुण

गुलाब का तेल एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स और प्रदूषण से बचाने का काम करता है। फ्री रेडिकल्स और प्रदूषण की वजह से त्वचा में तेजी से एजिंग के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। एंटीऑक्सिडेंट सेल को दोबारा बनने में मदद करते हैं, जिससे त्वचा स्वस्थ होती है और आप युवा दिखने लगते हैं।

## एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण

गुलाब के तेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा में सूजन और जलन को कम करने में मदद करते हैं। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए गुलाब का तेल एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। इससे एजिंग के लक्षण धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं।

## एंटी-एजिंग त्वचा के लिए गुलाब के तेल का उपयोग कैसे करें

- गुलाब का तेल बाजार में आसानी से उपलब्ध होता है। लेकिन आप शुद्ध गुलाब के तेल का ही उपयोग करें।
- गुलाब के तेल के साथ नारियल तेल को मिक्स करें। इसके लिए आप करीब एक चम्मच नारियल तेल में 7 से 8 बूंद गुलाब जल की मिलाएं।
- इन दोनों अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- इसके बाद तैयार तेल को चेहरे पर लगाते हुए, सर्कुलर मोशन में मसाज करें।

# सोनी बने अध्यक्ष, पारीक बने जोन चेयरपर्सन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी बने हैं जबकि निवर्तमान अध्यक्ष प्रशांत पारीक को जोन चैयरमेन बनाया गया है। लायंस क्लब सुजानगढ़ के पूर्व जोन चेयरपर्सन एमजेएफलॉयन कमल तापड़िया ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 में हाल ही में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है, जिसमें लायंस क्लब सुजानगढ़ के पूर्व अध्यक्ष लायन प्रशांत पारीक को जोन चेयरपर्सन के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए मनोनीत किया गया है। प्रशांत पारीक के इस मनोनयन पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। लायन प्रशांत पारीक ने विशेष रूप से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन डॉ आशुतोष वशिष्ठ का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं नई टीम की घोषणा डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 द्वारा जारी की गई आधिकारिक सूची में अन्य जोन चेयरपर्सन के रूप में लायन ओपी जाखड़ लायंस क्लब फतेहपुर शेखावाटी और लायन बबीता कुमावत लायंस क्लब झुंझुनू को भी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सुजानगढ़ की नई टीम में अध्यक्ष के रूप में लायन एडवोकेट रजनीकांत सोनी, सचिव देवेंद्र बेदी, कोषाध्यक्ष के रूप में लायन मुरली राठी पदभार संभालेंगे। सभी लॉयन साथियों ने नई टीम को बधाई दी और आगामी सत्र में सेवा प्रकल्पों को अनवरत करते रहने की परंपरा का निर्वहन करने की आशा जताई। यह टीम आगामी सत्र में सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कहासुनी के बाद फायरिंग : युवक के पेट में गोली लगी, बीकानेर रैफर

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा थाना क्षेत्र के केड़ली गांव में रविवार देर रात एक पारिवारिक विवाद हिंसक हो गया। इस दौरान हुई फायरिंग में केड़ली निवासी बाबूलाल जाट गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पेट में गोली लगी, जिसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए नोखा अस्पताल ले जाया गया। वहां से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया देर रात एक गाड़ी में सवार कुछ लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि बात फायरिंग तक पहुंच गई। इसी दौरान चली गोली बाबूलाल जाट को लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही नोखा पुलिस हरकत में आई। पुलिस उपाधीक्षक जरनैल सिंह और नोखा थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पुलिस फायरिंग के कारणों की जांच कर रही है।

### परिजनों ने नहीं दी रिपोर्ट

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया केडली में देर रात को फायरिंग हुई है। फायरिंग में एक घायल हुआ है। जिसका बीकानेर में इलाज चल रहा है। पुलिस घायल के बयान लेगी और परिजन रिपोर्ट देंगे तब मामला दर्ज कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस फायरिंग के कारणों का पता करने मे जुटी हुई है।

# समय के परिवर्तन को समझकर राजनीतिक रूप से सशक्त बने समाज : राठौड़



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** ददरेवा में आयोजित राजपूत राजनीतिक पुनरुत्थान एवं सहभागिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीम राठौड़ ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और समय के साथ चलने वाला समाज ही प्रगति करता है। वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक और संगठित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया और तकनीक का युग है। युवाओं को आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग करते हुए समाज के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना चाहिए। राठौड़ ने केंद्र सरकार से ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया का सरलीकरण करने तथा पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लोकतांत्रिक संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट रहकर राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने और अपने अधिकारों एवं हितों के लिए संगठित प्रयास करने का आह्वान किया।


## नाम परिवर्तन

मैं उमेश कुमार पुत्र सोहन लाल, जाति-जाट, निवासी-ग्राम लालास, तहसील कुचामन, जिला-डीडवाना-कुचामन। मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम तनिषा (TANIISHA) दर्ज है। अब मैंने मेरी पुत्री का नाम तनिषा चौधरी (TANIISHA CHOUDHARY) रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व शैक्षणिक दस्तावेजों में भी दुरूस्त करें।

## कार्यालय नगर परिषद, सीकर

Add:- संतोषी माता मंदिर के पास, राणी सती रोड़, सीकर
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- ( )/MCS/ELE/2026-27/22743862 Date: 10.06.2026

**निविदा सूचना/2026-27**

नगर परिषद, सीकर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्यो से संबंधित शर्ते एवं विवरण नगर परिषद कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। निविदा समय सारणी निम्नानुसार है :-

NIB code :-DLB2627A2824

| S.NO. | WORK WISE UBN NO. |
|---|---|
| 1 | DLB2627GSOB07008 |

| | |
|---|---|
| निविदा जारी तिथि | दिनांक 09.06.2026 |
| निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | दिनांक 16.06.2026 प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र प्राप्ति तिथि | दिनांक 16.06.2026 दोपहर 02.00 बजे से 04.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 16.06.2026 सांय 04.15 बजे पश्चात् |

राज.संवाद/सी/26/4882 वरिष्ठ आयुक्त, नगर परिषद, सीकर




# जिले के कई हिस्सों में आया धूल भरा बवंडर

## वाहनों को दिन में जलानी लड़ी लाइट

**चूरू (नवयत्न)।** जिले में सोमवार को एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ली और तेज धूल भरे तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। उत्तर दिशा से उठे रेतीले बवंडर ने देखते ही देखते पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। रतनगढ़, तारानगर, रतननगर, भानीपुरा, सरदारशहर सहित जिले के कई हिस्सों में धूल भरी आंधी और तूफान का असर देखने को मिला। तेज हवाओं के साथ आई काली-पीली आंधी के कारण दिन में ही अंधेरे जैसे हालात बन गए। धूल के घने गुबार से दृश्यता काफी कम हो गई और सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को दिन में ही अपनी हेडलाइटें जलानी पड़ीं। करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने लोगों को घरों और दुकानों में शरण लेने पर मजबूर कर दिया। तूफान के दौरान चारों ओर धूल का गुबार छा गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के बाद जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई, जिससे वातावरण में फैली धूल बैठ गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को मौसम में आए इस बदलाव से बड़ी राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि कुछ समय के लिए जनजीवन प्रभावित रहा, लेकिन आंधी और बारिश के इस दौर ने गर्मी की तपिश पर काफी हद तक लगाम लगा दी।

# राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान : अवैध हूटर और ब्लैक फिल्म वाले वाहन निशाने पर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर 1 से 30 जून तक चलाए जा रहे इस अभियान में अवैध मॉडिफिकेशनए ब्लैक फिल्म, लाल-नीली बत्ती, हूटर, प्रेशर हॉर्न तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट वाले वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल तथा पुलिस अतिरिक्त महानिदेशक यातायात डॉ. बी.एल. मीणा के पर्यवेक्षण में 14 जून को अकेले पूरे प्रदेश में 7,721 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 726 अवैध संरचनात्मक परिवर्तन वाले, 674 अनधिकृत लाल-नीली बत्ती एवं हूटर लगे, 438 प्रेशर हॉर्न, 2,853 ब्लैक फिल्म लगे, 1,041 अनधिकृत शब्द एवं चिन्ह प्रदर्शित करने वाले तथा 1,989 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट वाले वाहन शामिल रहे। इस कार्रवाई में कोटा शहर 406 मामलों के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जबकि अलवर 388, जयपुर पश्चिम 378, जयपुर ग्रामीण 338, जयपुर यातायात 303, भीलवाड़ा 297 और चित्तौड़गढ़ 296 में भी बड़ी संख्या में चालान किए गए।

# डॉ ताखर रूरल रिहैबिलिटेशन सर्विस अवार्ड से सम्मानित

श्रवण सारस्वत



**रींगस (नवयत्न)।** मोदी यूनिवर्सिटी लक्ष्मणगढ़ में आयोजित कॉफ्रेंस में ताखर हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर रींगस के डायरेक्टर डॉक्टर भंवर सिंह ताखर को फिजियोथैरेपी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर रूरल रिहैबिलिटेशन सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ आशुतोष भारद्वाज, प्रो प्रेसिडेंट डॉ अभय शर्मा एस के मेडिकल कॉलेज सीकर के प्रिंसिपल डॉ अशोक चौधरी, डॉक्टर अजीत सहारण, डॉ महेश साहू एवं कॉफ्रेंस संयोजक डॉ अंकित जैन द्वारा यह अवॉर्ड दिया गया। कॉफ्रेंस में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर्स ने एडवांस तकनीक एवं गंभीर बीमारियों को फिजियोथैरेपी के माध्यम से ठीक करना तथा बढ़ती उम्र के साथ होने वाली परेशानियों का इलाज एवं बचने के तरीकों पर विशेष चर्चा की गई। डॉ ताखर ने पिछले 15 वर्षों से गांव-गांव जाकर फिजियोथैरेपी के बारे में जागरूकता बढ़ाई एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का कम खर्च में इलाज किया। डॉ ताखर फिजियोथैरेपी चिकित्सा में राजस्थान के प्रथम पी एच डी धारक फिजियोथैरेपिस्ट है। कॉफ्रेंस में वक्ताओं द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को साथ लेकर चलना एवं मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया।

# सात दिवसीय एसयूपीडब्लू शिविर का शुभारम्भ



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** एसबीएन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्रीमाधोपुर में सात दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का शुभारंभ सोमवार को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में श्रम की गरिमा, स्वावलंबन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक डॉ मुकेश बड़वाल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिविर प्रभारी श्रवण महला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। शिविर के सफल संचालन हेतु छात्र-छात्राओं को विभिन्न दलों में विभाजित किया गया। प्रत्येक दल का नाम देश के महान महापुरुषों के नाम पर रखा गया तथा प्रत्येक दल के लिए नायक एवं नायिका का चयन किया गया, जो शिविर की गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ मुकेश बल्डवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि विद्यार्थियों में कार्यकुशलता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं समाजसेवा की भावना का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों को समाजोपयोगी वस्तुओं के निर्माण, उनके लिए आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता तथा उन्हें समाज तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर प्रभारी श्रवण महला ने बताया कि प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने परिसर में पौधों की निराई-गुड़ाई, स्वच्छता अभियान तथा जलदाय विभाग के समीप स्थित क्षेत्र की साफ-सफाई का कार्य किया। साथ ही पेड़-पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्य भी संपन्न किए गए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिविर आगामी सात दिनों तक विभिन्न समाजोपयोगी एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

# नीदरलैंड्स में मुकुंदगढ़ के अर्नव शर्मा ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

निसं



**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** वार्ड नं 2 के होनहार युवा टेनिस खिलाड़ी अर्नव शर्मा ने नीदरलैंड्स के प्रतिष्ठित डीडीटी टेनिस क्लब स्टेडियम में आयोजित टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर क्षेत्र एवं देश का गौरव बढ़ाया है। अर्नव शर्मा वार्ड नं 2 के व्यवसायी सांवरमल शर्मा के पौत्र तथा अनिल शर्मा के सुपुत्र हैं। फाइनल मुकाबले में अर्नव ने स्थानीय खिलाड़ी टॉम को बेहद रोमांचक संघर्ष में सुपर टाई-ब्रेकर में 10-8 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान अर्नव ने लगातार 13 मैचों में जीत दर्ज कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन, समर्पण एवं दृढ़ इच्छाशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके इस असाधारण प्रदर्शन और उपलब्धि को देखते हुए डीडीटी टेनिस क्लब स्टेडियम ने उन्हें क्लब की स्थायी सदस्यता प्रदान की है जो किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए अत्यंत सम्मानजनक उपलब्धि मानी जाती है। अर्नव की इस सफलता में उनके प्रशिक्षकों कोच हेंक मार्टिन एवं अभिवीर शेखावत का विशेष योगदान रहा है। कोच के मार्गदर्शन, तकनीकी प्रशिक्षण एवं निरंतर प्रेरणा ने अर्नव के खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर दोनों प्रशिक्षकों ने अर्नव को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बड़ी सफलताएं हासिल करने की शुभकामनाएं दी हैं। अर्नव की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मुकुंदगढ़, शेखावाटी एवं राजस्थान का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। क्षेत्र के खेल प्रेमियों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों ने अर्नव शर्मा को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 15 मिनट की बारिश से सड़कें लबालब

नंदलाल गौड़



**लोसल (नवयत्न)।** भीषण गर्मी के बीच रविवार शाम ढलने पर अंचल में बदरा बरसे । लेकिन प्री मानसून की बारिश ने ही मानसून दस्तक देने से पहले मानसून को लेकर की गई तैयारियां की लोसल नगरपालिका प्रशासन की पोल खोल खुल गई है। यहां पर सिर्फ पंद्रह मिनट ही बारिश हुई कि शहर के मार्ग बारिश के पानी से लबालब हो गए। पहली बारिश में भी सड़कों पर जब पानी भरा हुआ लोगों ने देखा तो लोग मानसून को लेकर नगरपालिका की तैयारियों को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए । अभी मानसून की बारिश होने शुरू नहीं हुई और जब मानसून की मूसलाधार बारिश होगी तो पानी भराव से हालात विकट हो सकते हैं। मानसून दस्तक देने से पहले प्रशासन द्वारा पानी निकासी के लिए इंतजाम किए जाते हैं शहर से पानी निकासी के लिए नालियां एवं नालों की सफाई की जाती है ताकि बारिश का पानी की आसानी से निकासी हो सके और पानी इकट्ठा होकर रास्ता नहीं रोके लेकिन बड़ी बात तो यह है कि व्यवस्था की सिर्फ पंद्रह मिनट की बारिश ने तैयारियां की पोल खुल गई। मानसून को लेकर जिला कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद भी यहां पर पहली बारिश में ही सड़कें बारिश का पानी से लबालब हो गई। लोगों का कहना है कि मानसून दस्तक देने वाला है और अच्छी खासी बारिश होगी ऐसे में पानी निकासी नालों की सफाई नहीं होने पर हालात विकट हो सकते हैं। शहर में बस स्टैंड मार्ग में बारिश होने पर पानी भरने की समस्या अधिक होती है। यहां पर लंबी दूरी तक बारिश का पानी इकट्ठा होकर दरिया बन जाने से राहगीरों का बारिश का पानी रास्ता रोक लेता है। यहां पर पानी निकासी के लिए नाले भी डालें हुए हैं लेकिन प्री मानसून की बारिश ने तैयारियां की पोल खुल गई है।

# राजस्व विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को मिली राहत

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में प्रशासन द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी ममता लहुआ, तहसीलदार अनिरुद्ध देव पांडेय व पटवारी टीम द्वारा ग्राम पंचायत मंगलपुरा और आसोटा के गांव में 9 खाता विभाजनों, 43 शुद्धि पत्र और 44 म्यूटेशन का निस्तारण सोमवार को किया गया। राज्य सरकार के मंशानुरूप राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण और काश्तकारों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग द्वारा विशेष मुस्तैदी दिखाई जा रही है। इसी क्रम मे राजस्व टीम द्वारा ग्राम मंगलपुरा और ग्राम आसोटा में लंबे समय से लंबित चल रहे कई राजस्व मामलों का मौके पर ही और प्रशासनिक स्तर पर त्वरित निस्तारण किया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलपुरा एवं आसोटा में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कुल 09 खाता विभाजन बंटवारा के मामलों को अंतिम रूप दिया गया है। खाता विभाजन होने से अब लगभग 37 संबंधित काश्तकारों को अपने हिस्से की भूमि का स्पष्ट स्वामित्व मिल सकेगा, जिससे भविष्य में होने वाले आपसी विवादों पर लगाम लगेगी। इसके साथ ही 43 शुद्धि पत्र और भूमि हस्तांतरण और रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया को गति देते हुए दोनों गाँवों में कुल 44 नामांतरण खोले गए हैं। म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी होने से किसानों के राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी को अपडेट कर दिया गया है, जिससे राजस्व कार्यों में सुगमता होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ढींगसरी पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026-27/585 दिनांक : 08.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 15/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत ढींगसरी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0391 UBN-ZNR2627GLOB00558

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत ढींगसरी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत ढींगसरी
पंचायत समिति लाडनूँ

# एक आदेश में फटाफट दो संशोधन बने चर्चा का विषय

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आगामी बारिश ऋतु में आने वालें संकटों से निपटने के लिए नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त के वार्ड प्रभारी बनाने के आदेशों में फटाफट दो बार हुए संशोधन चर्चा का विषय बन गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर चूरू की मासिक समीक्षा बैठक 4 जून 2026 में प्राप्त निर्देशों की पालना में आगामी मानसून सत्र से पूर्व तैयारियों यथा शहर में जल भराव क्षेत्रों, सिवरेज ऑवरफ्लो, गैनाणियों में लगे पम्पसेट एवं अन्य समस्त प्रकार के विद्युत/डीजल पम्प की निगरानी हेतु प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति नगरपरिषद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने 11 जून 2026 को की। इस आदेश में वार्ड नं 1 से 30 के लिए सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, वार्ड नं. 31 से 60 के लिए सहायक अभियंता चारवी को उपरोक्त कार्य के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। लेकिन हैरानी की बात ये है कि इसी दिन इस आदेश में संशोधन किया गया और इसको पलटते हुए विक्रम जोरवाल को वार्ड नं. 31 से 60, चारवी को वार्ड नं. 1 से 30 का प्रभारी बनाने के आदेश दिए गए। इसके बाद 15 जून को फिर से नए आदेश जारी कर इसी आदेश को कार्यवाहक आयुक्त ने पलट दिया और फिर से सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल को वार्ड नं. 1 से 30 का, चारवी को वार्ड नं. 31 से 60 का प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर दिया। इस आदेश में दो बार फटाफट संशोधन होना चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल शहर के वार्ड नं. 31 से 60 तक के अनेक वार्डों में जल भराव की समस्या काफी गंभीर रहती है, जिसके कारण दोनों सहायक अभियंताओं को जनविरोध की आशंका नजर आई और वो अपने प्रभार को बदले जाने को लेकर आयुक्त के समक्ष गुजारिश करने लगे। दूसरी ओर इस बारे में नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि आदेश जारी होने के बाद सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने बताया कि मेरे पास सुजानगढ़ कनिष्ठ अभियंता और छापर का भी चार्ज है, जिसके कारण उनके पास कार्य की अधिकता होने के कारण आदेश में संशोधन करना पड़ा।

## शिविर में मिला मालिकाना हक तो बनी बात, समाधान होने पर परेशानी से मिली राहत



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत सोमवार को पंचायत समिति सूजरगढ़ की ग्राम पंचायत लाखू में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा कुल 10 पट्टे वितरित किये गए। लाभार्थी रजत मीणा पुत्र सुभाष मीणा निवासी लाखू आदि को मालिनाका हक के पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरित किये गये जिससे लाभार्थी को आवासीय मकान के मालिकाना हक के दस्तावेज न होने के कारण आ रही परेशानियों से राहत मिली। पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल लेने पर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखी गई, उपस्थित ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी स्वाति झा, विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, तहसीलदार जयसिंह मीणा, सहायक विकास अधिकारी सुमन यादव, ग्राम विकास अधिकारी सत्यवीर, पटवारी पूनम व उपखण्ड संयोजक सुरेन्द्र भाटिया मौजुद रहें।

## बावलिया बाबा की पुण्यतिथि को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा के 18 जून को होने वाली पुण्यतिथि को लेकर मंदिर समिति, श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की मुख्य ट्रस्टी विनोद बेसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। पुजारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि 17 जून रात्रि को शेखावाटी के संतों एवं स्थानीय कलाकरों की ओर से भजन संध्या का आयोजन होगा। 18 जून को प्रभात फेरी, समाधि पूजन, महा आरती एवं भंडारे एवं मेले का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के दौरान निर्वतमान पालिका अध्यक्ष मनीष चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी महर्षि, व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, बनवारी लाल शर्मा, उमेश सहल, नरेंद्र विर्ख, प्रमोद पचलंगिया, घनश्याम शर्मा, बिहारी लाल वर्मा, रामदेव सिंह राठौड़, घनश्याम मिश्रा, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश पचलंगिया, आशीष गुर्जर, मनोज त्यागी, संजय रोहिल्ला, सुभाष शर्मा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता एवं भक्तगण मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को राशन सामग्री व फल वितरित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर सोमवार को समाजसेवी अमरसिंह चारण ने कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे में झुग्गी पट्टी व फुटपाथ पर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को राशन, खाद्य सामग्री व फल वितरित किए वंही कस्बे में बेसहारा गौमाता को हरा चारा खिलाया। इसके अलावा खेलो में गौमाता के लिए टैंकरों से पानी डलवाकर पेयजल की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर भामाशाह अमरसिंह चारण ने कहा गरीबों, जरूरतमंद लोगों व गोमाता की सेवा से बढ़कर ओर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है। इस मौके पर मुकेश फगेड़िया, मनोज छींपा, कैलाश, गजानंद प्रजापत ढाणी बाबरिया, कैलाश, रोहित, सुनील आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सोमवती अमावस्या पर लोहार्गल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





## सूर्य कुंड में लगाई आस्था की डुबकी

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के चिराना के निकटवर्ती प्रसिद्ध तीर्थराज लोहार्गल में सोमवार को अधिक मास में सोमवती अमावस्या होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अधिकमास मास में सोमवती अमावस्या होने से महिलाओं ने दान पुण्य किया। इस विशेष दिन पर पवित्र स्नान और दान-पुण्य करने से सभी पापों का नाश होता है और भक्त को अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पवित्र कुंड में स्नान और विशेष पूजा-अर्चना रात से ही दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने लोहार्गल के पवित्र सूर्य कुंड में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद गोमुख पर स्थित प्राचीन भगवान विष्णु के मंदिर में गोमुख की पवित्र जलधारा से ठाकुरजी का जलाभिषेक किया गया और सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी गई। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बैठकर भजन कीर्तन किया जगह-जगह मंदिरों में भंडारा लगा रहा। पुलिस प्रशासन का पर्याप्त जाब्ता नहीं होने के कारण से रास्ते में जगह-जगह जाम लग रहा और बाजारों में रौनक, श्रद्धालुओं भीड़ एक साथ बैठ गई और प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। यात्रियों की भारी आवाजाही के कारण स्थानीय बाजारों में भी जबरदस्त रौनक देखने को मिली। तीर्थयात्रियों ने स्थानीय दुकानों से लोहार्गल का प्रसिद्ध केरी का आचार, कॉस्मेटिक सामान अन्य पारंपरिक चीजें जमकर खरीदी। अधिक मास में सोमवती अमावस्या लगभग 28 साल बाद आई है और इसका विशेष मान्यता रहती है दान पुण्य करने का विशेष दिन माना गया है। सोमवती अमावस्या होने से लोहार्गल के सूर्य कुंड में सुबह 3 बजे से लेकर दोपहर तक काफी भीड़ रही।



### गौल्याणा बस स्टैंड पर लगा वाहनों का जाम

सोमवती अमावस्या होने के कारण सोमवार को लोहार्गल में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। वहीं दूर दराज से आने वाले लोगों के वाहनों गौल्याणा बस स्टैंड पर वाहनों का सड़क के दोनों साइड काफी लम्बी लाइन लग गई।

वही सुबह के समय में गौरा सती मंदिर के पास में भी वाहनों का लंबा जाम लग गया। पुलिस के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद में जाम खुला। वही सूर्य कुंड पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली।

## ग्रामीण सेवा शिविर का जिला कलेक्टर ने किया अवलोकन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में रतनगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत कुसुमदेसर में ग्रामीण सेवा शिविर 2026 सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन का धरातलीय जायजा लिया तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर सुराणा ने ग्राम पंचायत में स्थापित लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह पुस्तकालय एवं बैंक का सघन अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं तथा शिक्षा के प्रसार में इसके योगदान की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने परिसर में स्थापित देश के महान जांबाज लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की भव्य मूर्ति का भी अवलोकन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर के दौरान कुसुमदेसर के निर्वतमान सरपंच प्रतिनिधि पवन सिंह राठौड़ ने स्थानीय जनभावनाओं एवं आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए जिला कलेक्टर के समक्ष एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति हेतु ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण, मुख्य हाईवे के दुरुस्तीकरण एवं सुचारू यातायात हेतु हाईवे पर स्पीड ब्रेकर गति अवरोधक बनवाने तथा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुसुमदेसर का नामकरण देश के गौरव स्वर्गीय लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह के नाम पर करने की महत्वपूर्ण मांगें रखें।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी जनमांगों को अत्यंत गंभीरता से सुना और नियमानुसार जनहित में इन मांगों की त्वरित पूर्ति कराने हेतु आश्वस्त किया। उल्लेखनीय है कि इस विशेष ग्रामीण सेवा शिविर में आमजन को एक ही छत के नीचे त्वरित प्रशासनिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कुल 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने स्टॉल लगाकर उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण वासियों के विभिन्न राजस्व, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर के साथ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार, विकास अधिकारी जगदीश व्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार किशन पूनिया, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश स्वामी सहित विभिन्न संबंद्ध विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक के खिलाफ लामबंद हुए छात्र



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के तत्वावधान में नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं एवं पेपर लीक प्रकरण के विरोध में सोमवार को लाडनूं तहसील कार्यालय में माननीय राज्यपाल के नाम तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही प्रभावित विद्यार्थियों को न्याय दिलाने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाने की मांग की गई। इस अवसर पर महेंद्र जाखड़, जिला महासचिव मोहम्मद वाहीद, अरमान खान, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव प्रत्याशी सुमित्रा थालोड़, रमजान भुट्टा, आदिल बल्खी, मोहम्मद खालिद, नाहिद, अशोक नायक शाहिल, दिलशाद बल्खी सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सुमित्रा थालौड़ ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की।

## एसयूपीडब्ल्यू शिविर का समापन

निसं





**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एसयूपीण्डब्ल्यू शिविर का समापन प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। धर्मपाल वर्मा ने बताया कि समापन अवसर पर छात्राध्यापिकाओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न हस्तनिर्मित एवं शैक्षिक सामग्री की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु संस्थान निदेशक जितेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राध्यापिकाओं की रचनात्मकता, कौशल एवं परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर प्रभारी बहादुर सिंह महला एवं शायर गढ़वाल के अनुसार तीनों दलों की छात्राध्यापिकाओं ने प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मूल्यांकन के आधार पर रानी कर्णावती दल ने प्रथम, राजमाता देवल देवी दल ने द्वितीय तथा महारानी पद्मिनी दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भागीरथ शर्मा एवं सतीश तोमर के अनुसार इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राध्यापिकाओं ने गीत, नृत्य, समूह प्रस्तुतियों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएल सैनी, समस्त स्टाफ एवं छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रही। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने छात्राध्यापिकाओं में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास के गुणों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





## एक साल बाद सड़कों पर नजर आई रोड स्वीपर मशीन

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद में लगे शहरी समस्या समाधान शिविर में आम जन से प्राप्त शिकायतों के निवारण में एक वर्ष से बंद पड़ी मशीन को फिर से धरातल पर जनसेवा में शुरू कर दिया गया है। नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने करीब एक साल से बंद पड़ी रोड स्वीपर मशीन का निरीक्षण किया। तुरन्त प्रभाव से रिपेयर करवाकर शहर की डिवाईडर रोडों एवं रात्रिकालिन रोड स्वीपिंग हेतु संबंधित एसआई ओमप्रकाश स्वामी एवं हल्का जमादार को आदेशित किया गया।

### वरिष्ठ नागरिकों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

सुजानगढ़ (नवयत्न)। निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में विशेष कानूनी जागरूकता एवं आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई और उनको सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। पैरा-लीगल वॉलंटियर कमल कुमार भार्गव ने बताया कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित ग्रामीणों को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील बनने और समाज में उन्हें सम्मानजनक स्थान देने का संकल्प दिलाया गया। शिविर के दौरान बुजुर्गों, माता-पिता, वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अंतर्गत मिलने वाले कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रहने के व्यावहारिक तरीके भी साझा किए गए।

### जल स्त्रोतों से अवैध कब्जे हटाने की मांग

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय नागरिक अरविन्द विश्वेंद्रा ने एक ज्ञापन नगरपरिषद आयुक्त को सौंपकर प्राचीन जल स्त्रोंतों से कब्जे हटाकर इनका संरक्षण किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि शहर में काफी सालों पहले भामाशाहों द्वारा पेयजल किल्लत को ध्यान में रखते हुए नाथो तालाब, फतेहपुरिया सरोवर, चापटिया तलाई, मांडेता सरोवर, वाल्मीकि बस्ती तलाई, गेनाणी, टिकलाई आदि का निर्माण करवाया गया था। लेकिन नगरपरिषद द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने के कारण इनकी जमीनों पर कुछ भूमाफिया प्रकार के लोगों ने कब्जे कर लिए जिसके कारण इसके क्षेत्रफल काफी घट गए हैं।

## खेत से विद्युत केबल चोरी

निसं

**पाटन ( नवयत्न )।** थाना क्षेत्र के ग्राम काचरेड़ा में एक किसान के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत केबल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में काचरेड़ा निवासी नेतराम यादव पुत्र मालीराम यादव ने पाटन थाने में रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार नेतराम यादव का खेत हसामपुर रोड स्थित है, जहां सिंचाई के लिए कुएं की मोटर तक विद्युत केबल बिछाई गई थी। रविवार सुबह करीब 7 बजे उनके पिता मालीराम यादव मोटर चलाने के लिए खेत पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुएं की मोटर की विद्युत केबल कटी हुई थी। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति खेत से करीब 50 से 60 फीट विद्युत केबल चोरी कर ले गया। प्रार्थी ने चोरी हुई केबल की कीमत करीब 5 हजार रुपये बताई है। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने केबल चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व भी उनके खेत से तीन-चार बार कुएं एवं बोरवेल की मोटरों की विद्युत केबल चोरी हो चुकी है। पीड़ित किसान ने पुलिस से मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## महावीर इंटरनेशनल ने किया वृक्षारोपण

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पेड़ केवल शुद्ध हवा ही नहीं अपितु जीवन यापन की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। यह विचार प्रो. सत्यनारायण राजपुरोहित ने महावीर इंटरनेशनल नोखा के वृक्षारोपण कार्यक्रम में व्यक्त किये। केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि रीको क्षेत्र में स्थित बीकासर चारण समाज के श्मशान घाट परिसर में महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र द्वारा इस वर्ष का वृक्षारोपण प्रथम चरण किया गया तथा वर्षाकाल में यह अभियान सतत् जारी रहेगा। केंद्र चेयरमैन वीर सुरेंद्रकुमार हीरावत ने बताया कि इस श्मशान भूमि परिसर में विगत 3 वर्षों में लगभग 225 पेड़ लगाये जा चुके हैं और सभी पेड़ अच्छी स्थिति में है तथा आज के इस कार्यक्रम में 60 पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर डॉ.एम.पी. तिवारी, ईश्वरचंद दूगड़ राजेंद्र सिंह राठौड़, छैलूदान, गोपाल राम जाट, हर्ष चोरडिया, भोम सिंह, रजत जैन, ओंकारसिंह आदि उपस्थित थे। वृक्ष मित्र गोपालदान, गोपालराम जाट, भोमसिंह व ओंकार सिंह का पेडों की देखभाल करते रहने के लिए महावीर इंटरनेशनल नोखा द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा इस टीम द्वारा इन पेड़ों की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190